## UPPCS Prelims 2025 Test 9 (Solution) – UP Special Full Length (SSW - 8077834630)

**Question 1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**अभिकथन (A):** उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से भी कम है।

**कारण (R):** उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में पिछड़ा हुआ है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट:**

(a) (A) व (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) व (R) दोनों सत्य हैं, पर (R) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सत्य है, पर (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है, पर (R) सत्य है।

**Answer** - (c) (A) सत्य है, पर (R) असत्य है।

**अभिकथन (A) सत्य है**। उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से भी कम है।

- उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता – 421 ग्राम प्रतिदिन (2022-23)
- भारत में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता – 444 ग्राम प्रतिदिन (2022-23)

**कारण (R) असत्य है**। उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है।

भारत के शीर्ष 4 दुग्ध उत्पादक राज्य (2022-23):

1. उत्तर प्रदेश - 33.4 मिलियन टन प्रति वर्ष (देश के कुल दुग्ध उत्पादन का लगभग 15.1%) (मुख्य दुग्ध उत्पादक जिले: **मेरठ, बुलंदशहर, मुरादाबाद**)
2. राजस्थान - 28.7 मिलियन टन प्रति वर्ष
3. मध्य प्रदेश - 25.2 मिलियन टन प्रति वर्ष
4. गुजरात - 16.9 मिलियन टन प्रति वर्ष

**Question 2.** निम्नलिखित में से किन- किन फसलों के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है?

1. गेहूं

2. चावल

3. गन्ना

4. आलू

नीचे दिए गए कूट द्वारा सही उत्तर चुनिए:

**कूट:**

(a) केवल 1 व 3

(b) केवल 1, 2 व 3

(c) केवल 1, 3 व 4

(d) केवल 1, 2 व 4

**Answer** - (c) केवल 1, 3 व 4

गेहूं (1) ✓

उत्तर प्रदेश देश में गेहूं उत्पादन में पहले स्थान पर है

चावल (2) ✗

चावल उत्पादन में पश्चिम बंगाल पहले स्थान पर है

उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है

गन्ना (3) ✓

गन्ना उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है

आलू (4) ✓

आलू उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है

इस प्रकार उत्तर प्रदेश तीन फसलों - गेहूं, गन्ना और आलू के उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। इसलिए विकल्प (c) सही है।

**Question 3.** उत्तर प्रदेश से प्रवाहित होने वाली निम्नलिखित नदियों को पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते क्रम में लगाइए:

(a) धासन > केन > बेतवा > सोन

(b) धासन > बेतवा > केन > सोन

(c) बेतवा > धासन > केन > सोन


(d) धासन > बेतवा > सोन > केन

**Answer** - (c) बेतवा > धासन > केन > सोन

पश्चिम से पूर्व की ओर नदियों का क्रम

चम्बल > सिंध > बेतवा > धासन > केन > टोंस > सोन

Self Study Wala 8077834630




**Question 4.** निम्नलिखित में से किस तिथि को प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाता है?

(a) 24 जनवरी

(b) 25 जनवरी

(c) 26 जनवरी

(d) 27 जनवरी

**Answer** - (a) 24 जनवरी

24 जनवरी, 2018 को पहली बार 'उत्तर प्रदेश दिवस' धूम-धाम से मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को 'उत्तर प्रदेश दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया है।

**Question 5.** चन्द्रप्रभा वन्य जीव विहार स्थित है:

(a) चंदौली

(b) चित्रकूट

(c) ललितपुर

(d) मिर्जापुर

**Answer** - (a) चंदौली

**उत्तर प्रदेश के प्रमुख वन्य जीव विहार (List of Important Wildlife Sanctuaries in Uttar Pradesh)**

| **नाम** | **स्थान** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी 0 में)** | **स्थापना वर्ष** |
|---|---|---|---|
| **1.** चन्द्रप्रभा वन्य जीव विहार (Chandraprabha Vanya Jeev Vihar)- | चन्दौली (Chandauli) | 87 | 1957 **(सब से पुराना)** |
| 2. किशनपुर वन्य जीव विहार (Kishanpur Vanya Jeev Vihar) | लखीमपुर खीरी (Lakhimpur khiri) | 227 | 1972 |
| 3. कतरनिया वन्य जीव विहार (Katarniya Vanya Jeev Vihar) | बहराइच (Bahraich) | 410 | 1976 |
| 4. रानीपुर वन्य जीव विहार (Ranipur Vanya Jeev Vihar) | बाँदा (Banda) | 230 | 1977 |
| 5. महावीर स्वामी वन्य जीव विहार | ललितपुर (Lalitpur) | 5.40 **(सब से छोटा)** | 1977 |
| 6. चम्बल वन्य जीव विहार (Chambal Vanya Jeev Vihar) | आगरा व इटावा (Agra, Etawah) | 635 | 1979 |
| 7. कैमूर वन्य जीव विहार (Kaimur Vanya Jeev Vihar) | मिर्जापुर एवं सोनभद्र (Mirjapur, Sonbhadra) | 510 | 1982 |
| 8. हस्तिनापुर वन्य जीव विहार (Hastinapur Vanya | मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर (Meerut, | 2073 **(सब से बड़ा)** | 1986 |

Self Study Wala 8077834630

| | | | |
|---|---|---|---|
| Jeev Vihar) | Muradabad, Mujjaffar Nagar) | | |
| 9. सोहागी वरवा वन्य जीव विहार (Sohagi Barwa Vanya Jeev Vihar) | महाराजगंज (Maharajganj) | 428 | 1987 |
| 10. सोहेलवा वन्य जीव विहार (Suheldev Vanyajiv Vihar) | बहराइच एवं गोंडा (Bahraich, Gonda) | 452 | 1987 |
| 11. कछवा वन्य जीव विहार (Kachhaw aVanya Jeev Vihar) | वाराणसी (Varansi) | 7 | 1989 |
| 12. पीलीभीत टाइगर रिजर्व | पीलीभीत (Pilibhit) | 1079 | 2008 **(सब से नया)** |

**Question 6.** निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन कीजिए:

(a) उत्तर प्रदेश की पूर्वी सीमा बिहार, झारखंड एवं नेपाल से लगी हुई है।


(b) उत्तर प्रदेश की सबसे लंबी सीमा मध्य प्रदेश से स्पर्श करती है।

(c) उत्तर प्रदेश की पश्चिमी सीमा हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली से लगी है।

(d) उत्तर प्रदेश की दक्षिणी सीमा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ को स्पर्श करती है।

**उत्तर –** (a) उत्तर प्रदेश की पूर्वी सीमा बिहार, झारखंड एवं नेपाल से लगी हुई है।

**स्पष्टीकरण –**




उत्तर प्रदेश की पूर्वी सीमा बिहार एवं झारखंड से लगी हुई है।

उत्तर प्रदेश की उत्तरी सीमा नेपाल के अतिरिक्त उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश से लगी हुई है।

उत्तर प्रदेश की पश्चिमी सीमा हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली से लगी है।

उत्तर प्रदेश की दक्षिणी सीमा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ को स्पर्श करती है।

उत्तर प्रदेश की सबसे लंबी सीमा मध्य प्रदेश से स्पर्श करती है।

**Question 7.** उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन सा जिला नेपाल की सीमा से सटा नहीं है?

(a) पीलीभीत

(b) लखीमपुर खीरी

(c) बलरामपुर

(d) गोंडा

**उत्तर –** (d) गोंडा

**स्पष्टीकरण –** उत्तर प्रदेश की नेपाल के साथ 550 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है| जिससे 7 जिले लगते हैं - पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज|




**Question 8.** उत्तर प्रदेश की राजकीय भाषा है:

(a) हिंदी

(b) उर्दू

(c) उपरोक्त (a) और (b)

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर –** (c) उपरोक्त (a) और (b)

**स्पष्टीकरण-**

| | |
|---|---|
| राजकीय भाषा | हिंदी, उर्दू |
| राजकीय चिन्ह | 1 वृत्त में 2 मछली, 1 तीर धनुष |
| राजकीय पुष्प | पलाश या टेंसू |
| राजकीय पक्षी | सारस या क्रौंच |
| **राजकीय वृक्ष** | **अशोक** |
| राजकीय पशु | बारहसिंगा |
| राजकीय खेल | हॉकी |

**Question 9.** उत्तर प्रदेश का कौन सा जिला सर्वाधिक राज्यों को स्पर्श करता है?

(a) गोरखपुर

(b) लखीमपुर खीरी

(c) सोनभद्र

(d) हरदोई

**उत्तर-** (c) सोनभद्र

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जिला सर्वाधिक राज्यों को स्पर्श करता है। इसकी सीमा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा बिहार से लगती है।अधिकतम 4 राज्यों को स्पर्श करने वाला सोनभद्र भारत का एकमात्र जिला है।

**Question 10.** राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का भारत में कौन सा स्थान है?

(a) पहला (b) दूसरा

(c) तीसरा (d) चौथा

**उत्तर-** (b) दूसरा

**स्पष्टीकरण-** भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 2014 में 91,287 किमी. से बढ़कर 2025 में लगभग **146,204** किमी हो गई है। देश में नेशनल हाईवे देश में उपलब्ध कुल सड़क नेटवर्क का केवल 2.3% है लेकिन यह देश के सड़क ट्रैफिक का लगभग 40% हिस्सा वहन करते हैं। भारत का रोड नेटवर्क दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है।

**State-wise NH Lengths (Early 2025)**

| **State / UT** | **NH Length (km)** |
|---|---|
| Andhra Pradesh | 6,913 |
| Arunachal Pradesh | 2,537 |
| Assam | 3,909 |
| Bihar | 5,358 |
| Chhattisgarh | 3,606 |
| Goa | 293 |
| Gujarat | 6,635 |
| Haryana | 3,166 |
| Himachal Pradesh | 2,607 |
| Jharkhand | 3,367 |
| Karnataka | 7,335 |
| Kerala | 1,782 |
| Madhya Pradesh **(चौथा स्थान)** | 8,772 |
| Maharashtra **(पहला स्थान)** | 17,757 |
| Manipur | 1,750 |
| Meghalaya | 1,156 |
| Mizoram | 1,423 |
| Nagaland | 1,548 |
| Odisha | 5,762 |
| Punjab | 3,274 |
| Rajasthan **(तीसरा स्थान)** | 10,618 |
| Sikkim | 463 |
| Tamil Nadu | 6,742 |
| Telangana | 3,795 |
| Tripura | 854 |
| Uttar Pradesh **(दूसरा स्थान)** | 11,737 |
| Uttarakhand | 2,949 |
| West Bengal | 3,664 |
| **Total (States & UTs)** | **140,995** |

**Question 11.** उत्तर प्रदेश का राजकीय वृक्ष है:

(a) पीपल (b) आम

(c) बरगद (d) अशोक

**उत्तर –** (d) अशोक

**स्पष्टीकरण-**

| | |
|---|---|
| राजकीय भाषा | हिंदी, उर्दू |
| राजकीय चिन्ह | 1 वृत्त में 2 मछली, 1 तीर |

| | धनुष |
|---|---|
| राजकीय पुष्प | पलाश या टेंसू |
| राजकीय पक्षी | सारस या क्रौंच |
| **राजकीय वृक्ष** | **अशोक** |
| राजकीय पशु | बारहसिंगा |
| राजकीय खेल | हॉकी |

**Question 12.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या - 80

(b) उत्तर प्रदेश में राज्यसभा सीटों की संख्या – 31

(c) उत्तर प्रदेश में विधानसभा में सीटों की संख्या – 402

(d) उत्तर प्रदेश में विधान परिषद् सीटों की संख्या – 100

**उत्तर- (c)** उत्तर प्रदेश में विधानसभा में सीटों की संख्या – 402

**स्पष्टीकरण –**

उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या - 80

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा सीटों की संख्या – 31

उत्तर प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या - 404

उत्तर प्रदेश में विधान परिषद् सीटों की संख्या – 100

**Question 13.** उत्तर प्रदेश के आगरा नगर पर बाबर ने कब अधिकार किया ?

(a) 1529 ई.

(b) 1522 ई.

(c) 1526 ई.

(d) 1530 ई.

**उत्तर-** (c) 1526 ई.

**स्पष्टीकरण –** उत्तर प्रदेश के आगरा नगर पर बाबर ने 1526 ई. पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी को पराजित कर अधिकार कर लिया|

**Question 14.** उत्तर प्रदेश में विभिन्न साधनों द्वारा शुद्ध सिंचित क्षेत्र को ज्यादा से कम के घटते क्रम में लगायें:

(a) नहर > नलकूप > कुआं > तालाब

(b) नहर > नलकूप > तालाब > कुआं

(c) नलकूप > नहर > तालाब > कुआं

(d) नलकूप > नहर > कुआं > तालाब

**उत्तर-** (d) नलकूप > नहर > कुआं > तालाब

**स्पष्टीकरण-**

| **विभिन्न साधनों द्वारा शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल का प्रतिशत वर्णन** | |
|---|---|
| सिंचाई के साधन | अर्थ व संख्या प्रभाग, उ.प्र. (2022-2023) के अनुसार |
| नलकूप | 66.94% |
| नहर | 25.18% |
| कुआं | 7.88% |
| तालाब, झील तथा पोखर | 1.3% |
| अन्य | 0.5% |

**Question 15.** उत्तर प्रदेश में कितने राष्ट्रीय उद्यान स्थित हैं?

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) 3

**उत्तर-**(b) 1

**स्पष्टीकरण-** भारत में वर्तमान में कुल 106 राष्ट्रीय उद्यान हैं जिनमें केवल एक - दुधवा राष्ट्रीय उद्यान ही उत्तर प्रदेश में स्थित है।

**Question 16.** उत्तर प्रदेश में कुल वृक्षावरण एवं वनावरण प्रतिशत उसके भौगोलिक क्षेत्रफल के सापेक्ष कितना है?

(a) 6.88% (b) 9.96%

(c) 6.09% (d) 9.20%

**उत्तर-** (b) 9.96%

**स्पष्टीकरण-** UP - वर्तमान स्थिति (2023, ISFR) के अनुसार-

- उत्तर प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण (Forest & Tree Cover) के नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार:
- वनावरण (Forest Cover): 15,045.80 वर्ग किमी → उत्तर प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 6.24%
- वृक्षावरण (Tree Cover): 8,950.92 वर्ग किमी → उत्तर प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 3.72%
- कुल वन + वृक्षावरण (Green Cover): 23,996.72 वर्ग किमी → उत्तर प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 9.96%

**Question 17.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वन प्रतिशत वाला जिला सोनभद्र है।

2. उत्तर प्रदेश में सबसे कम वन प्रतिशत वाला जिला संत रविदास नगर है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:



SelfStudy Wala 630

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के ISFR-2023 (India State of Forest Report, 2023) के अनुसार निम्नलिखित जिले वनावरण के मामले में सबसे अधिक और सबसे न्यूनतम स्थिति में हैं:

सर्वाधिक वनावरण वाले 5 जिले (क्षेत्रफल आधारित)

1. सोनभद्र – ~2,407.9 वर्ग किमी
2. खीरी (Lakhimpur Kheri) – ~1,234.1 वर्ग किमी
3. मिर्ज़ापुर – ~736.9 वर्ग किमी
4. पीलीभीत – ~673.8 वर्ग किमी
5. चित्रकूट – ~636.6 वर्ग किमी

न्यूनतम वनावरण वाले 5 जिले

ISFR-2023 के अनुसार जिन जिलों में वनावरण सबसे कम है, उनमें ये जिले प्रमुख हैं:

1. संत रविदास नगर (भदोही)
2. मऊ
3. मैनपुरी
4. संत कबीर नगर
5. देवरिया

**Question 18.** उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन से स्थल यूनेस्को विश्व विरासत स्थल (2025) के लिए भारत की संभावित सूची (tentative list) में शामिल हैं?

1. सलखन जीवाश्म पार्क

2. अशोक शिलालेख स्थल

3. बुंदेलों के महल-किले

4. मुगल शहर आगरा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर:** (b)

**स्पष्टीकरण:** मुगल शहर आगरा पहले से ही विश्व विरासत स्थल है। अन्य तीन 2025 की संभावित सूची में हैं और उनमें उत्तर प्रदेश के स्थान शामिल हैं।

**Question 19.** उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-कौन से जिले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल हैं?

1. बागपत
2. हापुड़
3. मथुरा
4. मेरठ

नीचे दिए गए कूट द्वारा सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 2 व 3

(b) केवल 1, 2 व 3

(c) केवल 2, 3 व 4

(d) केवल 1, 2 व 4

**उत्तर-** (d) केवल 1, 2 व 4

**स्पष्टीकरण- वर्तमान में शामिल (UP के 8 जिले)**

निम्न 8 जिले NCR Planning Board (NCRPB) के तहत वर्तमान में शामिल हैं:

1. मेरठ
2. ग़ाज़ियाबाद
3. गौतम बुद्ध नगर
4. बुलंदशहर
5. हापुड़
6. बागपत
7. मुज़फ़्फ़रनगर
8. शामली

इनमें शामली को दिसंबर 2017 में शामिल किया गया था

प्रस्तावित अतिरिक्त जिले (अभी सम्मिलित नहीं)

निम्न 5 यूपी जिले NCR में शामिल करने हेतु प्रस्तावित हैं, लेकिन 2025 में अब तक कोई आधिकारिक ऐलान या अधिसूचना नहीं आई:

1. मथुरा
2. अलीगढ़
3. बिजनौर
4. हाथरस
5. सहारनपुर

**Question 20.** उत्तर प्रदेश के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. सबसे पूर्वी जिला | 1. शामली |
| B. सबसे पश्चिमी जिला | 2. सोनभद्र |
| C. सबसे उत्तरी जिला | 3. बलिया |
| D. सबसे दक्षिणी जिला | 4. सहारनपुर |

**कूट :**

**A B C D**
(a) 3 4 1 2
(b) 2 1 4 3
(c) 3 1 4 2
(d) 2 4 1 3
**उत्तर-** (c) 3 1 4 2
**स्पष्टीकरण**

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी जिला | बलिया |
| उत्तर प्रदेश का सबसे पश्चिमी जिला | शामली |
| उत्तर प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला | सहारनपुर |
| उत्तर प्रदेश का सबसे दक्षिणी जिला | सोनभद्र |

**Question 21.** उत्तर प्रदेश में अवनालिका अपरदन से सबसे अधिक प्रभावित जिला कौन सा है?
(a) मेरठ
(b) गोरखपुर
(c) इटावा
(d) मुज़फ्फरनगर
**उत्तर-** (c) इटावा
**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में अवनालिका अपरदन से सबसे अधिक प्रभावित जिला इटावा है|

**Question 22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1.उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त थे।
2. उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री सरोजनी नायडू थीं।
उपर्युक्त कथनों में से असत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
**उत्तर –** (b) केवल 2
**स्पष्टीकरण –**
- उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त थे।
- उत्तर प्रदेश की (देश की भी) प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुचेताकृपलानी थीं।
- सरोजनी नायडू उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल थीं।

**Question 23.** चरकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?
(a) अवध (b) भोजपुर
(c) ब्रज (d) कन्नौज
**उत्तर-** (c) ब्रज
**स्पष्टीकरण-** चरकुला नृत्य ब्रज क्षेत्रवासियों द्वारा किया जाता है। इस घड़ा नृत्य में बैलगाड़ी अथवा रथ के पहिये पर कई घड़े रखे जाते हैं फिर उन्हें सिर पर रखकर नृत्य किया जाता है।

**Question 24.** राष्ट्रीय चीनी अनुसंधान संस्थान स्थित है:
(a) लखनऊ में (b) प्रयागराज में
(c) कानपुर में (d) झाँसी में
**उत्तर-** (c) कानपुर में
**स्पष्टीकरण-** राष्ट्रीय चीनी अनुसंधान संस्थान कानपुर में स्थित है।

**Question 25.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**सूची-I (संस्थान) सूची-II (क्षेत्र)**
A. भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान 1. झाँसी
B. राष्ट्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र 2. लखनऊ
C. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेजिटेबल रिसर्च 3. इज्जतनगर
D. केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान 4. वाराणसी
**कूट :**
**A B C D**
(a) 3 1 4 2
(b) 2 1 4 3
(c) 3 2 4 1
(d) 2 4 1 3
**उत्तर-** (a) 3 1 4 2
**स्पष्टीकरण-**

| संस्थान | क्षेत्र |
|---|---|
| भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान | इज्जतनगर |
| राष्ट्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र | झाँसी |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेजिटेबल रिसर्च | वाराणसी |
| केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान | लखनऊ |
| बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैलियोबौटनी | लखनऊ |
| राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान | लखनऊ |
| केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान | लखनऊ |
| भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | लखनऊ |

**Question 26.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (जिला)** | **सूची-II (मुख्यालय)** |
|---|---|
| A. अंबेडकरनगर | 1. पडरौना |
| B. कुशीनगर | 2. अकबरपुर |
| C. कानपुर देहात | 3. नौगढ़ |
| D. सिद्धार्थनगर | 4. अकबरपुर माती |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**उत्तर-** (c) 2 1 4 3

**स्पष्टीकरण-**

| **जिला मुख्यालय से भिन्न नाम वाले जिले** | |
|---|---|
| **जिला** | **मुख्यालय** |
| अमेठी | गौरीगंज |
| संत कबीर नगर | खलीलाबाद |
| गौतमबुद्ध नगर | नोएडा |
| कौशाम्बी | मंझनपुर |
| अंबेडकरनगर | अकबरपुर |
| कुशीनगर | पडरौना |
| कानपुर देहात | अकबरपुर माती |
| सिद्धार्थनगर | नौगढ़ |
| सोनभद्र | रोबर्ट्सगंज |
| जालौन | उरई |
| फर्रुखाबाद | फतेहगढ़ |
| संभल | पवांसा |

**Question 27.** उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल सम्पूर्ण भारत के क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत है?

(a) 7.33 % (b) 7.20 %

(c) 7.49 % (d) 7.53 %

**उत्तर-** (a) 7.33 %

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश भारत के 243,290 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल करता है, जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 7.33% है। यह राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बाद भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है।

**Question 28.** निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रफल के घटते क्रम में लगाइए:

(a) राजस्थान > महाराष्ट्र > मध्य प्रदेश > उत्तर प्रदेश

(b) राजस्थान > मध्य प्रदेश > उत्तर प्रदेश > महाराष्ट्र

(c) राजस्थान > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश

(d) राजस्थान > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश > मध्य प्रदेश

**उत्तर-** (c) राजस्थान > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश

**स्पष्टीकरण-**

| **राज्य** | **क्षेत्रफल** | **देश के क्षेत्रफल का %** |
|---|---|---|
| राजस्थान | 3,42,239 | 10.41% |
| मध्य प्रदेश | 3,08,245 | 9.37% |
| महाराष्ट्र | 3,07,713 | 9.36% |
| उत्तर प्रदेश | 2,40,928 | 7.33% |

**Question 29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**अभिकथन (A) :** कर्क रेखा उत्तर प्रदेश के बीच से नहीं गुजरती, केवल स्पर्श करते हुए निकल जाती है।

**कारण (R) :** उत्तर प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार 23°52′ उत्तरी अक्षांश से 31°28′ उत्तरी अक्षांश तक है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कूट :**

(a) (A) व (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) व (R) दोनों सत्य हैं, पर (R) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सत्य है, पर (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है, पर (R) सत्य है।

**उत्तर-** (d) (A) असत्य हैं, पर (R) सत्य है।

**स्पष्टीकरण-** कर्क रेखा न तो उत्तर प्रदेश को स्पर्श करती है और न ही उसके मध्य से गुजरती है। कर्क रेखा भूमध्य रेखा के 23.50 डिग्री उत्तर में काल्पनिक रेखा है। भारत में कर्क रेखा 8 राज्यों (राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम) से गुज़रती है।

Self Study Wala 8077834630

उत्तर प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार 23°52' उत्तर अक्षांश से 31°28' उत्तर अक्षांश तक है और इसका देशांतारीय विस्तार 77°3' पूर्व से 84°39' पूर्व देशांतर तक है।

**Question 30.** उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों को उनके क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में लगाइए :
(a) सोनभद्र > हरदोई > लखीमपुर खीरी > सीतापुर
(b) सोनभद्र > लखीमपुर खीरी > हरदोई > सीतापुर
(c) लखीमपुर खीरी > सोनभद्र > हरदोई > सीतापुर
(d) लखीमपुर खीरी > हरदोई > सोनभद्र > सीतापुर

**उत्तर-** (c) लखीमपुर खीरी > सोनभद्र > हरदोई > सीतापुर

**स्पष्टीकरण-** उपरोक्त जिले उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले 4 जिले हैं। जिनका अवरोही क्रम निम्न प्रकार है-

लखीमपुर खीरी – 7680 वर्ग किमी.

सोनभद्र – 6905 वर्ग किमी.

हरदोई – 5986 वर्ग किमी.

सीतापुर – 5743 वर्ग किमी.

**Question 31.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश में तराई क्षेत्र में मध्यवर्ती मैदान की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

2. उत्तर प्रदेश में पूर्वी भाग में पश्चिमी मैदान की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण –**

| **क्षेत्र** | **वर्षा की मात्रा** |
|---|---|
| तराई क्षेत्र | 120 - 150 सेमी. |
| पूर्वी उत्तर प्रदेश | 100 – 120 सेमी. |
| मध्यवर्ती मैदान | 80 – 100 सेमी. |
| पश्चिमी मैदान | 65 – 80 सेमी. |

**Question 32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है:

(a) उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक वर्षा वाला जिला गोरखपुर है।

(b) उत्तर प्रदेश में सबसे कम वर्षा आगरा व झाँसी में होती है।

(c) उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गर्मी आगरा व झाँसी जिलों में पड़ती है।

(d) उत्तर प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में सबसे कम गर्मी बरेली जिले में पड़ती है।

**उत्तर-** (b) उत्तर प्रदेश में सबसे कम वर्षा आगरा व झाँसी में होती है।

**स्पष्टीकरण-**
- उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक वर्षा वाला जिला गोरखपुर (औसतन 184.7 सेमी.) है।
- उत्तर प्रदेश में सबसे कम वर्षा मथुरा (औसतन 54.4 सेमी.) में होती है।
- उत्तर प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में सर्वाधिक गर्मी आगरा व झाँसी जिलों में पड़ती है।
- उत्तर प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में सबसे कम गर्मी बरेली जिले में पड़ती है।

**Question 33.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा जुलाई एवं अगस्त महीने में होती है।

2. उत्तर प्रदेश की अधिकांश मानसूनी वर्षा दक्षिण पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा से प्राप्त होती है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर -** (a) केवल 1

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा जुलाई एवं अगस्त महीने में होती है।

उत्तर प्रदेश कुल वर्षा का लगभग 80% भाग मानसूनी वर्षा से प्राप्त करता है।

उत्तर प्रदेश की अधिकांश मानसूनी वर्षा दक्षिण पश्चिम मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा से प्राप्त होती है।

**Question 34.** उत्तर प्रदेश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रदेश के सबसे कम जिलों को स्पर्श करने वाला जिला ललितपुर है।

2. प्रदेश के सर्वाधिक जिलों को स्पर्श करने वाला जिला बदायूं है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण-** प्रदेश के सबसे कम जिलों को स्पर्श करने वाला जिला ललितपुर है। ललितपुर मध्य प्रदेश से तीन ओर से घिरा है। वहीं प्रदेश के सर्वाधिक जिलों को स्पर्श करने वाला जिला बदायूं है। यह 9 जिलों को स्पर्श करता है।

**Question 35 -** उत्तर प्रदेश में पाई जाने वाली लाल मिट्टी के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व चूने की पर्याप्तता होती है।

2. यह उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर व सोनभद्र जिलों में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (b) केवल 2

**स्पष्टीकरण-** लाल मिट्टी का निर्माण लाल विन्ध्य शैलों के अपक्षय से हुआ है। इसमें नाइट्रोजन, जीवांश, फॉस्फोरस व चूने की कमी होती है। यह उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, झाँसी व सोनभद्र जिलों में पाई जाती है। लाल मिट्टी में गेहूं, चना एवं दाल आदि फसलें उगाई जाती हैं।

**Question 36 -** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश में जलीय अपरदन का वायु अपरदन की अपेक्षा अधिक प्रभाव है।

2. उत्तर प्रदेश में वायु अपरदन प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में तथा जलीय अपरदन पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्रों में अधिक होता है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर-** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण-**

- मृदा अपरदन के दो प्रमुख प्रकार हैं : जलीय अपरदन व वायु अपरदन।
- उत्तर प्रदेश में जलीय अपरदन का वायु अपरदन की अपेक्षा अधिक प्रभाव है।
- उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में वायु अपरदन तथा पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्रों में जलीय अपरदन अधिक होता है।

**Question 37 -** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. खाद्यान्न उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश के राज्यों में प्रथम स्थान पर है।

2. उत्तर प्रदेश में भारत के समग्र खाद्यान्न उत्पादन का 17% भाग उत्पादित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में भारत के समग्र खाद्यान्न उत्पादन का लगभग 17% भाग उत्पादित किया जाता है। खाद्यान्न उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश के राज्यों में प्रथम स्थान पर है तथा मध्य प्रदेश दूसरे एवं पंजाब तीसरे स्थान पर है।

**Question 38 –** उत्तर प्रदेश का एकमात्र अफीम कारखाना स्थित है?

(a) गाजीपुर (b) बाराबंकी

(c) लखनऊ (d) गोरखपुर

**उत्तर –** (a) गाजीपुर

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में अफीम का सबसे बड़ा उत्पादक जिला बाराबंकी है। बाराबंकी के अतिरिक्त गाजीपुर में भी अफीम की खेती की जाती है। गाजीपुर में राज्य का एकमात्र अफीम कारखाना है।

**Question 39 -** उत्तर प्रदेश का प्रमुख आंवला उत्पादक जिला है :

(a) मिर्जापुर (b) सहारनपुर

(c) महोबा (d) प्रतापगढ़

**उत्तर-** (d) प्रतापगढ़

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश का प्रमुख आंवला उत्पादक जिला प्रतापगढ़ है। उत्तर प्रदेश में देश के कुल आंवला उत्पादन का 60% से अधिक भाग उत्पादित किया जाता है।

**Question 40 -** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग 24% भाग पर गन्ने की खेती की जाती है।

2. उत्तर प्रदेश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग 13% भाग पर गेहूं की खेती की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर-** (d) न तो 1 और न ही 2

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में गेहूं की खेती पर्वतीय एवं पठारी भागों को छोड़कर लगभग सर्वत्र की जाती है। उत्तर प्रदेश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग 24% भाग पर गेहूं की खेती की जाती है। गन्ना उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल है। उत्तर प्रदेश के कुल कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग 13% भाग पर गन्ने की खेती की जाती है।

**Question 41 -** उत्तर प्रदेश का पहला बनाना राईपनिंग चैम्बर (केला पकाने का संयत्र) लगाया गया है:

(a) प्रयागराज (b) लखनऊ
(c) वाराणसी (d) मेरठ

**उत्तर-** (a) प्रयागराज

**स्पष्टीकरण-** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश का पहला बनाना राईपनिंग चैम्बर (केला पकाने का संयत्र) लगाया गया है। इससे केले की गुणवत्ता में सुधार आएगा। किसान कुछ शुल्क देकर कच्चा केला यहाँ पकवा सकेंगे।

**Question 42 -** उत्तर प्रदेश में पान उत्पादन के लिए कौन सा जिला अग्रणी है?

(a) बाँदा (b) ललितपुर
(c) महोबा (d) प्रतापगढ़

**उत्तर-** (c) महोबा

**स्पष्टीकरण-** पान एक बहुवर्षीय बेल है। उत्तर प्रदेश के महोबा, बाँदा,उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, बलिया, ललितपुर सहित कुल 21 जिलों में पान की खेती की जाती है। महोबा पान की खेती में अग्रणी है।

**Question 43 -** उत्तर प्रदेश में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन कहाँ हुआ?

(a) प्रयागराज

(b) वाराणसी

(c) लखनऊ

(d) गोरखपुर

**उत्तर-** (d) गोरखपुर

**स्पष्टीकरण-** हाल ही में, भारत के राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इस विश्वविद्यालय को भारत की प्राचीन स्वास्थ्य परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित करने वाला एक आधुनिक केंद्र बताया गया। उम्मीद है कि यह उत्तर प्रदेश और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रपति ने भारत की सदियों पुरानी योग और स्वास्थ्य परंपराओं पर प्रकाश डाला और 2047 तक विकास के लिए उन्हें आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया।

**Question 44 -** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसन्धान परिषद् (UPCAR) स्थित है:

(a) मेरठ में (b) गोरुखपुर में
(c) लखनऊ में (d) प्रयागराज में

**उत्तर-** (c) लखनऊ में

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसन्धान परिषद् लखनऊ में स्थित है।

**Question 45 -** उत्तर प्रदेश के किस क्षेत्र में सोयाबीन की फसल मुख्यतः उगाई जाती है?

(a) पूर्वी क्षेत्र (b) केन्द्रीय क्षेत्र
(c) विन्ध्य क्षेत्र (d) बुंदेलखंड क्षेत्र

**उत्तर-** (d) बुंदेलखंड क्षेत्र

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र (जालौन, हमीरपुर आदि) में आलू, मूंगफली, अरबी, अदरक, गेहूँ तथा सोयाबीन की फसलें मुख्य रूप से उगाई जाती हैं।

**Question 46 -** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) विष्णु प्रयाग - अलकनंदा + धौलीगंगा

(b) देवप्रयाग - अलकनंदा + भागीरथी

(c) रुद्रप्रयाग - अलकनंदा + मन्दाकिनी

(d) उपरोक्त सभी सही सुमेलित हैं।

**उत्तर-** (d) उपरोक्त सभी सही सुमेलित हैं।

**स्पष्टीकरण –**

1. विष्णु प्रयाग - अलकनंदा + धौलीगंगा
2. देवप्रयाग - अलकनंदा + भागीरथी
3. रुद्रप्रयाग - अलकनंदा + मन्दाकिनी
4. कर्ण प्रयाग - अलकनंदा + पिंडर गंगा

**Question 47 -** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. शारदा नहर उत्तर प्रदेश की सबसे लम्बी नहर है।
2. पूर्वी यमुना नहर उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी नहर है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर-** (c) 1 व 2 दोनों

**पूर्वी यमुना नहर-** यह राज्य की सबसे पुरानी नहर है। इसका निर्माण 1830 में किया गया था। यह यमुना के बाएं किनारे से फैजाबाद नामक स्थान से निकली गई है।

**शारदा नहर-** यह उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी नहर है। इसका निर्माण 1920-1928 के बीच हुआ। यह शारदा नदी से चम्पावत के वनवासा नामक स्थान से निकलती है।

**Question 48 -** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) आगरा बैराज – आगरा

(b) लवकुश बैराज – लखनऊ

(c) गोकुल बैराज – मथुरा

(d) गोमती बैराज – लखनऊ

**उत्तर-** (b) लवकुश बैराज – लखनऊ

**स्पष्टीकरण-** यमुना नदी पर पेयजल के लिए मथुरा में गोकुल बैराज तथा आगरा में आगरा बैराज बनाए गए हैं।

गंगा नदी पर पेयजल के लिए कानपुर में लवकुश बैराज बनाया गया है।

गोमती नदी पर पेयजल के लिए लखनऊ में गोमती बैराज बनाया गया

**Question 49 -** निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन कीजिए:

(a) कानपुर, गंगा नदी के किनारे स्थित है।

(b) आगरा, यमुना नदी के किनारे स्थित है।

(c) अयोध्या, राप्ती नदी के किनारे स्थित है।

(d) लखनऊ, गोमती नदी के किनारे स्थित है।

**उत्तर –** (c) अयोध्या, राप्ती नदी के किनारे स्थित है।

**स्पष्टीकरण -**

| **नदी** | **नगर** |
|---|---|
| गंगा | शेरपुर, गाजीपुर, सैदपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सिरसा, प्रयागराज, श्रृंगबेरपुर, कालाकांकर, डलमऊ, बक्सर, कानपुर, बिठूर, बिल्लौर, फतेहगढ़, कछलाघाट, गढ़मुक्तेश्वर आदि। |
| यमुना | प्रयागराज, कौशाम्बी, हमीरपुर, इटावा, कालपी, बटेश्वर, आगरा, मथुरा, वृन्दावन, बागपत आदि। |
| गोमती | जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ आदि। |
| सरयू | अयोध्या, गोला, बरहल्गंज, बरहज आदि। |
| राप्ती | गोरखपुर, बरहज आदि। |

**Question 50 -** नरौरा परियोजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह उत्तर प्रदेश की एकमात्र परमाणु विद्युत् परियोजना है।
2. यह प्रदेश के बुलंदशहर जिले में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से असत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर-** (d) न तो 1 और न ही 2

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के नरौरा नामक स्थान पर गंगा के निकट प्रदेश की एकमात्र परमाणु विद्युत् परियोजना स्थापित की गयी है। यह स्वदेशी डिजाईन, उन्नत दबावयुक्त तथा भारी जल पर आधारित संयत्र है। इसमें 220-220 मेगावाट क्षमता के दो रिएक्टर कार्यरत हैं।

**Question 51** - गोविन्द बल्लभ पन्त सागर जल विद्युत् परियोजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह रिहंद नदी पर बनी परियोजना है।
2. यह परियोजना सोनभद्र जिले में स्थापित की गयी है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर**- (b) केवल 2

**स्पष्टीकरण-**

| **जल विद्युत् परियोजना** | **नदी** | **स्थल** |
|---|---|---|
| ओबरा | रिहंद | सोनभद्र |
| रिहंद/गोविन्द बल्लभ पन्त सागर | रिहंद | सोनभद्र |
| माताटीला | बेतवा | ललितपुर |
| राजघाट | बेतवा | ललितपुर |
| खारा | असन | सहारनपुर |
| बेल्का, बाबेल | यमुना | सहारनपुर |
| निरगजनी, चितरौरा | गंगा | मुजफ्फरनगर |
| सलवा, भोला | गंगा | मेरठ |
| पारीछा | बेतवा | झाँसी |

**Question 52** - उत्तर प्रदेश में देश की कितने प्रतिशत आबादी रहती है?

(a) 16.16 % (b) 16.51 %

(c) 17.16 % (d) 17.51 %

**उत्तर**- (b) 16.51 %

**स्पष्टीकरण**- 2011 में उत्तर प्रदेश की कुल आबादी देश की 16.16 % थी, जो कि 2011 में बढ़कर 16.51 % हो गयी है।

**Question 53** – अगर उत्तर प्रदेश को एक देश माना जाए तब वह जनसँख्या के मामले में विश्व में कौन से स्थान पर आएगा?

(a) तीसरे (b) चौथे

(c) पांचवें (d) छठे

**उत्तर** – (c) पांचवें

**स्पष्टीकरण** - विश्व स्तर पर जनसँख्या के मामले में चीन, भारत, अमेरिका व इंडोनेशिया के बाद उत्तर प्रदेश 5 वें स्थान पर है। इसने ब्राजील को आबादी में पीछे छोड़ दिया है।

**Question 54** - उत्तर प्रदेश के निम्न शहरों को उनकी आबादी के घटते क्रम में लगाइए:

(a) प्रयागराज > लखनऊ > मुरादाबाद > गाज़ियाबाद > आजमगढ़

(b) प्रयागराज > मुरादाबाद > गाज़ियाबाद > आजमगढ़ > लखनऊ

(c) प्रयागराज > मुरादाबाद > गाज़ियाबाद > लखनऊ > आजमगढ़

(d) मुरादाबाद > प्रयागराज > गाज़ियाबाद > आजमगढ़ > लखनऊ

**उत्तर** – (b) प्रयागराज > मुरादाबाद > गाज़ियाबाद > आजमगढ़ > लखनऊ

**स्पष्टीकरण**- उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जनसंख्या वाले 5 ज़िले :

1. प्रयागराज
2. मुरादाबाद
3. ग़ाज़ियाबाद
4. आज़मगढ़
5. लखनऊ

**Question 55** - उत्तर प्रदेश में न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला है:

(a) हमीरपुर (b) महोबा

(c) चित्रकूट (d) ललितपुर

**उत्तर** – (b) महोबा

**स्पष्टीकरण** - उत्तर प्रदेश में न्यूनतम जनसंख्या वाले 5 ज़िले :

1. महोबा
2. चित्रकूट
3. हमीरपुर
4. श्रावस्ती
5. ललितपुर

**Question 56** - 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में महिलाओं का प्रतिशत है:



Self Study Wala 8077834630

(a) 47.71 % (b) 48.36 %

(c) 48.63 % (d) 47.17 %

**उत्तर-** (a) 47.71 %

**स्पष्टीकरण-** 2011 की जनगणना के अनुसार-

प्रदेश में कुल आबादी = 19,98,12,341

पुरुषों की संख्या = 10,44,80,510 (52.29%)

महिलाओं की संख्या = 9,53,31,831 (47.71%)

**Question 57** - 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का औसत जनघनत्व कितना है?

(a) 829 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

(b) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

(c) 827 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

(d) 328 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

**उत्तर-** (a) 829 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.

**स्पष्टीकरण-** 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का औसत जनघनत्व 829 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. है, जो कि राष्ट्रीय औसत (382) से 447 अधिक है।

**Question 58** - निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन कीजिए:

(a) 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से 5.3 % कम है।

(b) उत्तर प्रदेश में 2001-11 के दौरान प्रदेश की साक्षरता में 11.34% की वृद्धि हुई है।

(c) उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक औसत साक्षरता वाला जिला गौतम बुद्ध नगर है।

(d) उत्तर प्रदेश में सबसे कम औसत साक्षरता वाला जिला बहराइच है।

**उत्तर –** (d) उत्तर प्रदेश में सबसे कम औसत साक्षरता वाला जिला बहराइच है।

**स्पष्टीकरण** - 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से 5.3 % कम है। 2001-11 के दौरान प्रदेश की साक्षरता में 11.34% की वृद्धि हुई है।

सर्वाधिक औसत साक्षरता वाले जिले - गौतम बुद्ध नगर, कानपुर नगर, औरैया, इटावा, गाजियाबाद।

सबसे कम औसत साक्षरता वाले जिले – श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, रामपुर।

**Question 59** - उत्तर प्रदेश में न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला है:

(a) गौतमबुद्ध नगर (b) बागपत

(c) हमीरपुर (d) औरैया

**उत्तर-** (a) गौतमबुद्ध नगर

**स्पष्टीकरण-** न्यूनतम लिंगानुपात वाले पाँच जिले (बढ़ते क्रम में) :

गौतमबुद्ध नगर, बागपत/हमीरपुर, कानपुर नगर/बाँदा/मथुरा, औरैया, जालौन।

**Question 60** - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक ग्रामीण आबादी प्रयागराज में रहती है।

2. उत्तर प्रदेश की सबसे कम ग्रामीण आबादी गौतमबुद्ध नगर में रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर-** (c) 1 व 2 दोनों

**स्पष्टीकरण- संख्या की दृष्टि से-**

उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक ग्रामीण आबादी प्रयागराज में व सबसे कम ग्रामीण आबादी गौतमबुद्ध नगर में रहती है।

**प्रतिशत की दृष्टि से-**

उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक प्रतिशत ग्रामीण आबादी श्रावस्ती में व सबसे कम प्रतिशत ग्रामीण आबादी गाजियाबाद में रहती है।

**Question 61** - निम्नलिखित नगरों को उनकी नगरीय जनसँख्या के प्रतिशत के घटते क्रम में लगाइए:

(a) गाजियाबाद > लखनऊ > कानपुर नगर > गौतम बुद्ध नगर

(b) गाजियाबाद > गौतम बुद्ध नगर > लखनऊ > कानपुर नगर

(c) गौतम बुद्ध नगर > गाजियाबाद > लखनऊ > कानपुर नगर

(d) गौतम बुद्ध नगर > गाजियाबाद > कानपुर नगर > लखनऊ



SelfStudyWala8077834630

**उत्तर-** (a) गाजियाबाद > लखनऊ > कानपुर नगर > गौतम बुद्ध नगर

**स्पष्टीकरण-** सर्वाधिक नगरीय जनसँख्या के प्रतिशत वाले 5 जिले:

गाजियाबाद > लखनऊ > कानपुर नगर > गौतम बुद्ध नगर > मेरठ

सबसे कम नगरीय जनसँख्या के प्रतिशत वाले 5 जिले :

श्रावस्ती < कुशीनगर < महाराजगंज < सुल्तानपुर < प्रतापगढ़

**Question 62 -** उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाला जिला है:

(a) बलिया (b) देवरिया

(c) सोनभद्र (d) कासगंज

**उत्तर-** (c) सोनभद्र

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति वाले 5 ज़िले :

1. सोनभद्र
2. ललितपुर
3. देवरिया
4. बलिया
5. कुशीनगर

उत्तर प्रदेश में न्यूनतम अनुसूचित जनजाति वाले 5 ज़िले:

1. बागपत
2. कन्नौज
3. बदायूँ
4. बुलन्दशहर
5. मुज़फ़्फ़रनगर

**Question 63 -** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. न्यूनतम साक्षरता वाला जिला | 1. गाजियाबाद |
| B. सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला | 2. ललितपुर |
| C. न्यूनतम जनघनत्व वाला जिला | 3. जौनपुर |
| D. सर्वाधिक नगरीय जनसँख्या वाला जिला | 4. श्रावस्ती |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर-** (d) 4 3 2 1

**स्पष्टीकरण-**

| **विशेषता** | **नगर** |
|---|---|
| न्यूनतम साक्षरता वाला जिला | श्रावस्ती |
| सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला | जौनपुर |
| सर्वाधिक नगरीय जनसँख्या वाला जिला | ललितपुर |
| सर्वाधिक नगरीय जनसँख्या वाला जिला | गाजियाबाद |

**Question 64 -** उत्तर प्रदेश का पहला ज़ीरो डंप सिटी कौन सा शहर बन गया है?

(a) लखनऊ
(b) अयोध्या
(c) वाराणसी
(d) गोरखपुर

**उत्तर-** (a) लखनऊ

**स्पष्टीकरण-** वर्ष 2025 में, लखनऊ उत्तर प्रदेश का पहला "ज़ीरो डंप सिटी" बन गया है, जहाँ शिवरी अपशिष्ट उपचार संयंत्र की तीनों इकाइयाँ पूरी तरह से चालू हो गई हैं। यह संयंत्र अब प्रतिदिन 2100 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण करता है और पुराने कचरे के ढेर का दो-तिहाई हिस्सा साफ़ कर चुका है। लखनऊ नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2023 में ₹96 करोड़ की एक परियोजना शुरू की गई है। पुणे स्थित भूमि ग्रीन एनर्जी ने जनवरी 2024 में माइक्रोबियल कल्चर और वायु सुखाने की विधियों का उपयोग करते हुए कार्यभार संभाला। प्रत्येक इकाई प्रतिदिन 700 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण करती है। कचरे को खेती के लिए महीन मिट्टी, सीमेंट और कागज़ उद्योगों के लिए अपशिष्ट व्युत्पन्न ईंधन (RDF), भूमि सुधार के लिए मोटे पदार्थों और बुनियादी ढाँचे के लिए निर्माण मलबे में अलग किया जाता है।

**Question 65 -** उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (UPITS) 2025 का आयोजन किस शहर में होगा?

(a) गाजियाबाद

(b) वाराणसी

(c) लखनऊ

(d) ग्रेटर नोएडा

**उत्तर-** (d) ग्रेटर नोएडा

**स्पष्टीकरण-** हाल ही में, उत्तर प्रदेश सरकार ने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (UPITS-2025) के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को एक उभरते हुए एक्सप्रेसवे राज्य और एक बढ़ते विनिर्माण केंद्र के रूप में प्रदर्शित करेगा। इसमें उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (UPDIC) और एकीकृत विनिर्माण एवं रसद क्लस्टर (IMLC) जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इन परियोजनाओं का नेतृत्व उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) कर रहा है।

**Question 66 -** 1967 में किस राजनीतिक गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार बनाई?

(a) संयुक्त विधायक दल

(b) भारतीय क्रांति दल

(c) जनसंघ

(d) भारतीय लोक दल

**उत्तर-** (a) संयुक्त विधायक दल

**स्पष्टीकरण-** चरण सिंह के नेतृत्व वाले गठबंधन संयुक्त विधायक दल (एसवीडी) ने 1967 में उत्तर प्रदेश में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार बनाई। इसमें भारतीय क्रांति दल, एसएसपी, जनसंघ, स्वतंत्र पार्टी और अन्य पार्टियां शामिल थीं, जिसने राज्य में कांग्रेस के प्रभुत्व को तोड़ दिया।

**Question 67 -** एका आंदोलन के बारे में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. यह 1921 में शुरू हुआ था
2. मदारी पासी इस आंदोलन के आयोजक थे
3. अत्यधिक कराधान इस आंदोलन का मुख्य कारण था
4. यह आंदोलन वर्तमान उत्तर प्रदेश में हुआ था

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) सभी कथन सही हैं

**उत्तर-** (d) सभी कथन सही हैं

**स्पष्टीकरण-** एका आंदोलन वास्तव में 1921 में वर्तमान उत्तर प्रदेश में मदारी पासी के नेतृत्व में और अन्य निम्न जाति के नेताओं की मदद से शुरू हुआ था। अत्यधिक कराधान इस आंदोलन का मुख्य कारण था। मार्च 1922 में, अंग्रेजों ने इस आंदोलन को दबा दिया था।

**Question 68 -** उत्तर प्रदेश का कौन सा वन्यजीव अभयारण्य 1957 में गिर से एशियाई शेरों को पुनः स्थापित करने के असफल प्रयास का स्थल था?

(a) चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य

(b) कैमूर वन्यजीव अभयारण्य

(c) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

(d) किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य

**उत्तर-** (a) चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य

**स्पष्टीकरण-** 1957में, उत्तर प्रदेश के चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य में गिर शेरों का असफल स्थानांतरण हुआ; प्रारंभिक सफलता विफल रही क्योंकि स्थानांतरित किए गए शेर अंततः मर गए या गायब हो गए।

**Question 69 -** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (उत्पाद)** | **सूची-II (वृक्ष)** |
|---|---|
| A. कत्था | 1. खैर वृक्ष |
| B. कागज़ | 2. भोजपत्र |
| C. बीड़ी | 3. तेंदू |
| D. पत्तल | 4. साखू |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**उत्तर-** (c) 1 2 3 4

**स्पष्टीकरण-**

| उत्पाद | वृक्ष |
|---|---|
| बिरोजा और तारपीन का तेल | चीड़ से प्राप्त होने वाले राल से |
| कागज़ | भोजपत्र |
| कत्था | खैर वृक्ष |
| माचिस की तीली और डिब्बी | सेमल और गुरेल वृक्ष |
| चमड़े की रंगाई | बबूल की छाल से प्राप्त रंग |
| बीड़ियाँ | तेंदू के पत्ते |
| डंडे व फर्नीचर | बांस |
| पत्तल व दोने | साखू और महुआ |

**Question 70 -** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है:
(a) ओखला पक्षी विहार – गौतम बुद्ध नगर
(b) समसपुर पक्षी विहार – रायबरेली
(c) बखीरा पक्षी विहार – संत कबीर नगर
(d) पटना पक्षी विहार – पटना
**उत्तर-** (d) पटना पक्षी विहार – पटना
**स्पष्टीकरण-**

| **पक्षी विहार** | **स्थान** |
|---|---|
| ओखला पक्षी विहार | गौतम बुद्ध नगर |
| समसपुर पक्षी विहार | रायबरेली |
| बखीरा पक्षी विहार | संत कबीर नगर |
| सांडी पक्षी विहार | हरदोई |
| नवाबगंज/चन्द्र शेखर आजाद पक्षी विहार | उन्नाव |
| लाख बहोशी पक्षी विहार | कन्नौज |
| डॉ भीम राव आंबेडकर पक्षी विहार | प्रतापगढ़ |
| पटना पक्षी विहार | एटा |
| सुरहाताल/ जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार | बलिया |

**Question 71 -** उत्तर प्रदेश में किस प्रकार के वृक्ष नहीं पाए जाते?
(a) उष्ण कटिबंधीय नम पर्णपाती वन
(b) उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन
(c) उष्ण कटिबंधीय कंटीली झाड़ियाँ
(d) शीतोष्ण कटिबंधीय शंकुधारी वन
**उत्तर-** (d) शीतोष्ण कटिबंधीय शंकुधारी वन
**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में तीन प्रकार के वन उष्ण कटिबंधीय नम पर्णपाती वन, उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन और उष्ण कटिबंधीय कंटीली झाड़ियाँ पाए जाते हैं।

| **वन प्रकार** | **क्षेत्र** | **प्रमुख वृक्ष** |
|---|---|---|
| उष्ण कटिबंधीय नम पर्णपाती वन | भाभर, तराई | इमली, सीसम, साल, सेमल, आमला, जामुन |
| उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन | पूर्व, मध्य और पश्चिमी मैदान | साल, पलास, अमलतास, बेल, अंजीर |
| उष्ण कटिबंधीय कंटीली झाड़ियाँ | दक्षिणी भाग | एकेसिया, लेगुमेस, फुलाई, कत्था, धामन |

**Question 72 -** उत्तर प्रदेश में शहीद असफाक उल्ला प्राणी उद्यान का निर्माण किया जा रहा है:
(a) लखनऊ में
(b) सोनभद्र में
(c) कानपुर में
(d) गोरखपुर में
**उत्तर –** (d) गोरखपुर में
**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में कुल तीन प्राणी उद्यान हैं। जिसमें दो स्थापित व एक निर्माणाधीन है।
नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान – लखनऊ (1921)
एलेन फारेस्ट प्राणी उद्यान – कानपुर (1972)
शहीद असफाक उल्ला प्राणी उद्यान – गोरखपुर (निर्माणाधीन)

**Question 73 -** भहाल ही में उत्तर प्रदेश के किस शहर में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया गया?
(a) कानपुर
(b) वाराणसी
(c) मेरठ
(d) लखनऊ
**उत्तर-** (d) लखनऊ
**स्पष्टीकरण-** रक्षा मंत्री ने हाल ही में 12 मई, 2025 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे का एक महत्वपूर्ण घटक है। ब्रह्मोस मिसाइल एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है। यह जेट इंजन द्वारा संचालित एक मानवरहित वाहन है। यह मिसाइल 2-3 मैक की गति तक पहुँचती है। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और रूस के NPOM के संयुक्त उद्यम, ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने इसे विकसित किया है। इस मिसाइल का नाम ब्रह्मपुत्र और मोस्कवा नदियों के नाम पर रखा गया है।

**Question 74 -** उत्तर प्रदेश का पहला "वन्यजीव विहार" कौन-सा है?
(a) चन्द्रप्रभा वन्यजीव विहार
(b) कैमूर वन्यजीव विहार

(c) कछुआ वन्यजीव विहार

(d) सोहागी बरवा वन्यजीव विहार

**उत्तर-** (a) चन्द्रप्रभा वन्यजीव विहार

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश का पहला "वन्यजीव विहार" चन्द्रप्रभा वन्य जीव विहार है। यह चन्दौली में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 87 वर्गकिमी. है। इसे 957 में स्थापित किया गया था।

**Question 75** - उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा "वन्यजीव विहार" कौन-सा है?

(a) महावीर स्वामी वन्य जीव विहार

(b) कैमूर वन्यजीव विहार

(c) कछुआ वन्यजीव विहार

(d) रानीपुर वन्य जीव विहार

**उत्तर-** (a) महावीर स्वामी वन्य जीव विहार

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा वन्य जीव विहार 'महावीर स्वामी वन्य जीव विहार' है। यह ललितपुर में स्थित है। इसका क्षेत्रफल मात्र 5.40 वर्गकिमी. है। इसे 1977 में स्थापित किया गया था।

**Question 76** - चूने पत्थर के संचित भंडार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का देश में कौन सा स्थान है?

(a) पहला (b) दूसरा

(c) तीसरा (d) चौथा

**उत्तर –** (b) दूसरा

**स्पष्टीकरण** - चूने पत्थर के संचित भंडार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश में दूसरा स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में **मिर्जापुर जिले** के गुरुमा, कनाच, बाबूहारी एवं रोहतास क्षेत्रों में व **सोनभद्र जिले** के कजराहट क्षेत्र में उच्च श्रेणी का चूना-पत्थर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

**Question 77** - कोयले के भण्डार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का देश में आठवां स्थान है। उत्तर प्रदेश में कोयला पाया जाता है:

(a) हमीरपुर (b) चंदौली

(c) सोनभद्र (d) मिर्जापुर

**उत्तर-** (c) सोनभद्र

**स्पष्टीकरण-** कोयले के भण्डार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का देश में आठवां स्थान है। यहाँ कोयला सोनभद्र के गोंडवाना पत्थरों में पाया जाता है। सोनभद्र के सिंगरौली क्षेत्र से प्राप्त कोयले का उपयोग ओबरा ताप विद्युत् गृह व सिंगरौली संयत्र में किया जाता है।

**Question 78** – उत्तर प्रदेश के संदर्भ में निम्न में कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) यूरेनियम – ललितपुर

(b) **तांबा** – ललितपुर

(c) हीरा – झाँसी

(d) चायना क्ले – बाँदा

**उत्तर-** (c) हीरा – झाँसी

**स्पष्टीकरण-**

**चायनाक्ले-** प्रदेश के सोनभद्र व बांदा जिले में चाइनाक्ले पाया जाता है।

**हीरा-** प्रदेश में हीरा कुछ मात्रा में बांदा में मिलता है। मिर्जापुर के जंगल में भी कुछ हीरे मिले है। नवीन खोजों के अनुसार बांदा के सीमावर्ती क्षेत्र कालिंजर में हीरे के व्यापक भंडार होने की संभावना है।

**तांबा-** प्रदेश के ललितपुर जिले का सोनराई क्षेत्र तांबा उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। तांबा मुख्यतः आग्नेय एवं परतदार चट्टानों में नसों के रूप में मिलता है।

**यूरेनियम-** प्रदेश के ललितपुर जिले में यूरेनियम के सीमित भंडारों की खोज की गई है।

**Question 79** - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. एंडालूसाईट के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

2. डायसपोर के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर –** (a) केवल 1

**स्पष्टीकरण –** एंडालूसाईट व डायसपोर के उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम तथा चूना पत्थर व कांच बालू के उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है।

**Question 80** - निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन कीजिए:

(a) सूती वस्त्र उद्योग की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का भारत में तीसरा स्थान है।

(b) हथकरघा उद्योग उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा उद्योग है।

(c) उत्तर प्रदेश में हथकरघा उद्योग कृषि के बाद प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र है।

(d) बनारस को उत्तर प्रदेश का मानचेस्टर कहा जाता है।

**उत्तर –** (d) बनारस को उत्तर प्रदेश का मानचेस्टर कहा जाता है।

**स्पष्टीकरण -**

- सूती वस्त्र उद्योग की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का भारत में तीसरा स्थान है।
- उत्तर प्रदेश में हथकरघा उद्योग कृषि के बाद प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र है।
- देश के कुल हथकरघा उद्यमियों के एक चौथाई उत्तर प्रदेश में ही रहते हैं।
- हथकरघा उद्योग उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा उद्योग है।
- कानपुर को उत्तर प्रदेश का मानचेस्टर कहा जाता है। यहाँ सूती वस्त्र की 10 से अधिक मिलें हैं।

**Question 81** - सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**सूची-I (संस्थान) सूची-II (जनपद)**

A. उत्तर प्रदेश कृषि अनुसन्धान परिषद् 1. लखनऊ

B. भारतीय चमड़ा रंगाई एवं जूता संस्थान 2. गाजियाबाद

C. कपड़ा रिसर्च इंस्टिट्यूट 3. कानपुर

D. इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट 4. हापुड़

**कूट :**

**A B C D**
(a) 1 2 3 4
(b) 1 3 2 4
(c) 4 3 2 1
(d) 4 2 3 1

**उत्तर-** (b) 1 3 2 4

| **संस्थान** | **स्थान** |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश कृषि अनुसन्धान परिषद् | लखनऊ |
| भारतीय चमड़ा रंगाई एवं जूता संस्थान | कानपुर |
| कपड़ा रिसर्च इंस्टिट्यूट | गाजियाबाद |
| इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट | हापुड़ |

**Question 82** - सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

**सूची-I (शिल्प) सूची-II (स्थान)**

A. मिट्टी के बर्तन 1. बरेली

B. काष्ठ नक्काशी 2. खुर्जा

C. काष्ठ पादुका 3. पीलीभीत

D. जरी 4. सहारनपुर

**कूट :**

**A B C D**
(a) 4 3 2 1
(b) 1 4 2 3
(c) 2 1 3 4
(d) 2 4 3 1

**उत्तर-** (c) 2 1 3 4

**स्पष्टीकरण-**

| **शिल्प** | **स्थान** |
|---|---|
| मिट्टी के बर्तन | खुर्जा |
| काष्ठ नक्काशी | बरेली |
| काष्ठ पादुका | पीलीभीत |
| जरी | सहारनपुर |

**Question 83** - उत्तर प्रदेश को पहले किस नाम से जाना जाता था?

(a) आर्य प्रदेश

(b) अवध प्रान्त

(c) संयुक्त प्रान्त

(d) उत्तरी प्रान्त

**उत्तर-** (c) संयुक्त प्रान्त

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रान्त के नाम से जाना जाता था। 24 जनवरी 1950 से इसे उत्तर प्रदेश कहा जाने लगा।

**Question 84 –** उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डे का निर्माण कहाँ किया जा रहा है?

(a) कानपुर

(b) आगरा

(c) गौतमबुद्ध नगर

(d) गाजियाबाद

**उत्तर –** (c) गौतमबुद्ध नगर

**स्पष्टीकरण -**

| **हवाई अड्डा** | **नगर** |
|---|---|
| चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | लखनऊ |

| | |
|---|---|
| लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | वाराणसी |
| बमरौली हवाई अड्डा | प्रयागराज |
| चकेरी हवाई अड्डा | कानपुर |
| नागरिक हवाई अड्डा | कानपुर |
| खेरिया हवाई अड्डा | आगरा |
| सरसावा हवाई अड्डा | सहारनपुर |
| हिंडन हवाई अड्डा | गाजियाबाद |
| फ़ैजाबाद एयरपोर्ट | फ़ैजाबाद |
| जेवर हवाई अड्डा (निर्माणाधीन) | गौतमबुद्ध नगर |

**Question 85** - सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

**सूची-I (महाजनपदीय नगर) सूची-II (वर्तमान नगर)**

A. आहिक्षत्र — 1. बरेली
B. शूरसेन — 2. मथुरा
C. कौशाम्बी — 3. प्रयागराज
D. साकेत — 4. अयोध्या

**कूट :**

**A B C D**
(a) 1 2 4 3
(b) 2 1 3 4
(c) 1 2 3 4
(d) 2 1 4 3

**उत्तर-** (c) 1 2 3 4

**स्पष्टीकरण-** बौद्ध ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय से ज्ञात होता है कि 6 वीं शताब्दी ईसा पूर्व समस्त उत्तर भारत 16 महाजनपदों में विभाजित था। इन 16 महाजनपदों में से 8 वर्तमान उत्तर प्रदेश वाले भू-भाग में अवस्थित थे, जिनका विवरण इस प्रकार है :

| **महाजनपद** | **राजधानी** |
|---|---|
| पांचाल | आहिक्षत्र (बरेली) और काम्पिल्य (फर्रुखाबाद) |
| कुरु | इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) |
| वत्स | कौशाम्बी (प्रयागराज) |
| शूरसेन | मथुरा |
| कोशल | साकेत (अयोध्या), श्रावस्ती |
| मल्ल | कुशीनगर |
| काशी | वाराणसी |
| चेदि | शुक्तिमती |

**Question 86** - चौरा-चौरी काण्ड भारतीय स्वतंत्रता इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। चौरा-चौरी उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?
(a) प्रयागराज में
(b) जौनपुर में
(c) गोरखपुर में
(d) रायबरेली में

**उत्तर-** (c) गोरखपुर में

**स्पष्टीकरण-** 1921-22 में चले असहयोग आन्दोलन में चौरा-चौरी काण्ड का विशेष महत्व है। 5 फरवरी,1922 को एक भयानक भीड़ ने चौरा-चौरी (गोरखपुर) में स्थित पुलिस स्टेशन को घेरकर 22 जवानों को जिन्दा जला दिया। इस घटना से आहत होकर महात्मा गाँधी ने 12 फरवरी, 1922 को असहयोग आन्दोलन वापिस लेने की घोषणा कर दी।

**Question 87** - उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजातियाँ किस जिले में पायी जाती हैं

(a) सीतापुर
(b) सोनभद्र
(c) बलिया
(d) बागपत

**उत्तर –** (b) सोनभद्र

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के प्रायः सभी जिलों में अनुसूचित जनजातियों के लोग पाए जाते हैं लेकिन सर्वाधिक अनुसूचित जनजातियाँ सोनभद्र में, उसके बाद बलिया और सबसे कम बागपत में है। 2003 से पूर्व केवल थारू और बुक्सा को ही अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त था। 2003 में केंद्र सरकार ने प्रदेश की 10 और जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया। अब उत्तर प्रदेश में सूचीबद्ध जनजातियों की कुल संख्या 12 हो गयी है।

**Question 88** - दीपावली को शोक पर्व के रूप में मनाने वाली जनजाति है:

(a) थारू (b) जौनसारी
(c) खरबारी (d) भूटिया

**उत्तर –** (a) थारू

**स्पष्टीकरण -** थारू, नेपाल और भारत के सीमावर्ती तराई क्षेत्र में पायी जाने वाली एक जनजाति है। यह उत्तर प्रदेश के दक्षिण पूर्व से लेकर पूर्व में गोरखपुर और नेपाल की सीमा तक पाई जाती है।–

- बदला विवाह प्रचलित
- दीपावली को शोक पर्व के रूप में मनाते हैं।
- बजहर नामक पर्व

**Question 89 -** निम्न में कौन सही सुमेलित है?
(a) रामायण मेला – कन्नौज
(b) नौचंदी मेला – हापुड़
(c) कालिंजर मेला – बाँदा
(d) श्रावणी मेला – गोरखपुर

**उत्तर –** (c) कालिंजर मेला – बाँदा

**स्पष्टीकरण-**

| **मेला** | **स्थान** |
|---|---|
| रामायण मेला | चित्रकूट |
| नौचंदी मेला | मेरठ |
| कालिंजर मेला | बाँदा |
| श्रावणी मेला | फर्रुखाबाद |
| कैलाश मेला | आगरा (कैलाश व सिकंदर में) |
| खिचड़ी मेला | गोरखपुर |
| बटेश्वर मेला | बटेश्वर (आगरा) |

**90 -** निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है?
**लोकनृत्य - क्षेत्र**
(a) कर्मा – महोबा
(b) चरकुला – ब्रजभूमि
(c) धीवर – कहार
(d) नटवरी – पूर्वांचल

**उत्तर-** (a) कर्मा – महोबा

**स्पष्टीकरण-**

| **लोकनृत्य** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| चरकुला | ब्रजभूमि |
| पाई डंडा | बुंदेलखंड |
| राई | बुंदेलखंड |
| दीपावली | बुंदेलखंड |
| शेरा | बुंदेलखंड |
| कार्तिक गीत | बुंदेलखंड |
| धुरिया | बुंदेलखंड |
| करमा | सोनभद्र व मिर्जापुर |
| चौरसिया | जौनपुर |
| नटवरी | पूर्वी उत्तर प्रदेश |
| धीवर | कहार |

**Question 91 -** उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त का कार्यकाल है:
(a) 5 वर्ष
(b) 6 वर्ष
(c) 7 वर्ष
(d) 8 वर्ष

**उत्तर-** (d) 8 वर्ष

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1975 में 'उत्तर प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1975 पारित किया गया। इसके तहत 14 सितम्बर, 1977 को **न्यायमूर्ति विश्वंभर दयाल** को पहला लोकायुक्त नियुक्त किया गया। उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त का कार्यकाल पहले 6 वर्ष था लेकिन 2012 में इसे 8 वर्ष कर दिया गया। इस पद पर सेवानिवृत न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है।

**Question 92 -** निम्न में कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) घर का फर्नीचर – हापुड़
(b) चर्म उत्पाद – कानपुर नगर
(c) जरी और जरदोजी – कासगंज
(d) सींग और हड्डी – अमरोहा

**उत्तर-** (d) सींग और हड्डी – अमरोहा

**स्पष्टीकरण-**

| **उत्पाद** | **स्थान** |
|---|---|
| घर का फर्नीचर | हापुड़ |
| चर्म उत्पाद | कानपुर नगर |
| जरी और जरदोजी | कासगंज |
| सींग और हड्डी | संभल |

| | |
|---|---|
| संगीत वाद्य यंत्र | अमरोहा |

**Question 93** - निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. देश में सर्वाधिक गरीबों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

2. राज्य में सर्वाधिक गरीबों की प्रतिशतता के मामले में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन/ कथनों का चुनाव कीजिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर**- (a) केवल 1

**स्पष्टीकरण** – देश में सर्वाधिक गरीबों की संख्या –

उत्तर प्रदेश > बिहार > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > पश्चिम बंगाल

राज्य में सर्वाधिक गरीबों की प्रतिशतता –

छत्तीसगढ़ > दादरा एवं नगर हवेली > झारखण्ड > मणिपुर > अरुणांचल प्रदेश

**Question 94** - औद्योगिक विकास की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का कौन सा क्षेत्र सर्वाधिक विकसित हुआ है?

(a) पूर्वी

(b) मध्य

(c) पश्चिमी

(d) बुंदेलखंड

**उत्तर**- (c) पश्चिमी

**स्पष्टीकरण**- औद्योगिक विकास की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का पश्चिमी भाग सर्वाधिक विकसित है। इसके बाद बुंदेलखंड व मध्य क्षेत्र है और पूर्वी भाग सबसे पिछड़ा है।

**Question 95** - उत्तर प्रदेश की किस नदी में हाल ही में लाल-मुकुट वाले कछुओं को पुनः लाया गया?

(a) यमुना नदी

(b) चंबल नदी

(c) गंगा नदी

(d) सरयू नदी

**उत्तर**- (c) गंगा नदी

**स्पष्टीकरण** – हाल ही में, उत्तर प्रदेश में गंगा नदी में उनकी आबादी बढ़ाने के लिए कम से कम 20 लाल-मुकुट वाले कछुओं को पुनः लाया गया। लाल-मुकुट वाले कछुओं, जिन्हें बंगाल रूफ टर्टल भी कहा जाता है, का मूल निवासी भारत, बांग्लादेश और नेपाल है। भारत में, राष्ट्रीय चंबल नदी घड़ियाल अभयारण्य वर्तमान में इस प्रजाति की अच्छी आबादी वाला एकमात्र क्षेत्र है। यह एक मीठे पानी का कछुआ है जो गहरी बहने वाली नदियों में रहता है और घोंसले बनाने के लिए भूमि क्षेत्रों का उपयोग करता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के तहत इसकी संरक्षण स्थिति गंभीर रूप से संकटग्रस्त है और इसे वन्य जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) के परिशिष्ट I में सूचीबद्ध किया गया है।

**Question 96** - उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी संस्थान कहाँ स्थित है?

(a) आगरा

(b) वाराणसी

(c) कानपुर

(d) लखनऊ

**उत्तर**- (d) लखनऊ

**स्पष्टीकरण**- लखनऊ में स्थित कुछ प्रमुख संस्थान-

- भातखंडे संगीत संस्थान
- राज्य ललित कला अकादमी
- उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी
- भारतेंदु नाट्य अकादमी
- जनजाति एवं लोककला संस्कृति संस्थान
- राष्ट्रीय कत्थक संस्थान
- राज्य संग्रहालय
- उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम

**Question 97** - निम्न में कौन सही सुमेलित नहीं है?

(a) रूमी दरवाजा – लखनऊ

(b) चाइना मंदिर – श्रावस्ती

(c) रानी महल – बागपत

(d) चौरासी गुम्बद – जालौन

**उत्तर**- (c) रानी महल – बागपत

**स्पष्टीकरण**-

| स्थल | स्थान |
|---|---|
| रानी महल | झाँसी |
| चौरासी गुम्बद | कालपी (जालौन) |
| चाइना मन्दिर | श्रावस्ती |
| रूमी दरवाजा | लखनऊ |

SelfStudy Wala 8077834630

**Question 98 -** निम्न में कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मेले – मथुरा
(b) एशिया का प्रथम डी.एन.ए. बैंक – कानपुर
(c) राज्य का सबसे ऊँचा बाँध – कालागढ़ बाँध
(d) राज्य की प्रथम रेल कोच फैक्ट्री – रायबरेली
**उत्तर-** (b) एशिया का प्रथम डी.एन.ए. बैंक – कानपुर
**स्पष्टीकरण-**

| | |
|---|---|
| एशिया का प्रथम डी.एन.ए. बैंक | लखनऊ |
| उत्तर प्रदेश का प्रथम जैव प्रोद्योगिकी पार्क | लखनऊ |
| राज्य में सर्वाधिक लिंगानुपात | जौनपुर |
| राज्य का पहला विकलांग विश्वविद्यालय | चित्रकूट |
| राज्य की प्रथम रेल कोच फैक्ट्री | रायबरेली |
| भारत का प्रथम केन्द्रीय महिला विश्वविद्यालय | रायबरेली |
| उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मेले | मथुरा |
| राज्य का सबसे ऊँचा बाँध | कालागढ़ बाँध |

**Question 99 –** उत्तर प्रदेश की थारू जनजाति द्वारा चावल से बनाई गई मदिरा को कहा जाता है?
(a) माड़
(b) जाड़
(c) कड़ा
(d) पाड़
**उत्तर-** (b) जाड़
**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश की थारू जनजाति द्वारा चावल से बनाई गई मदिरा को जाड़ कहा जाता है।

**Question 100 -** अकबर का प्रसिद्ध मकबरा सिकन्दरा में हैं, यह स्थान उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(a)मथुरा
(b)आगरा
(c) कानपुर
(d)प्रयागराज
**उत्तर-** (b)आगरा
**स्पष्टीकरण-** सिकंदरा आगरा से चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहाँ का सबसे महत्वपूर्ण स्थान अकबर का मकबरा है। इसका निर्माण कार्य स्वयं अकबर ने शुरु करवाया था। यह मकबरा हिंदू, ईसाई, इस्लामिक, बौद्ध और जैन कला का सर्वोत्तम मिश्रण है। लेकिन इसके पूरा होने से पहले ही अकबर की मृत्यु हो गई। बाद में उनके पुत्र जहांगीर ने इसे पूरा करवाया।

**Question 101 -** बागो का शहर नाम से राज्य का कौन-सा शहर प्रसिद्ध है?
(a) आगरा
(b) लखनऊ
(c) मेरठ
(d) प्रयागराज
**उत्तर-** (b) लखनऊ
**स्पष्टीकरण-** लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी है। लखनऊ शहर अपनी खास नज़ाकत और तहजीब वाली बहुसंस्कृति, दशहरी आम के बाग़ों तथा चिकन की कढ़ाई के काम के लिये जाना जाता है। इसे बागो का शहर भी कहा जाता है।

**Question 102 –** प्रसिद्ध नेमिषारण्य तीर्थ उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?
(a) फैजाबाद में
(b) सीतापुर में
(c) अयोध्या में
(d) प्रयागराज में
**उत्तर-** (b) सीतापुर में
**स्पष्टीकरण-** प्रसिद्ध नेमिषारण्य तीर्थ उत्तर प्रदेश के सीतापुर में स्थित है।

**Question 103 -** भगवान बुद्ध की पहली मूर्ति उत्तर प्रदेश में निर्मित हुई थी। इसका निर्माण किस शैली में किया गया था?
(a) गान्धार कला शैली में
(b) मथुरा कला शैली में
(c) कुषाण कला शैली में
(d) अमरावती कला शैली में
**उत्तर-** (b) मथुरा कला शैली में
**स्पष्टीकरण-** बुद्ध की पहली मूर्ति खुदाई के दौरान मथुरा से मिली थी जो **मथुरा मूर्तिकला शैली** से निर्मित थी। यह भारत में बनाई गयी प्रथम मानव मूर्ति थी।

**Question 104 -** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के देवगढ़ में स्थित दशावतार मन्दिर का निर्माण किया गया था।
(a) मौर्य काल में
(b) मौर्योत्तर काल में
(c) गुप्त काल में

(d) गुप्तोत्तर काल में

**उत्तर –** (c) गुप्त काल में

**स्पष्टीकरण -** दशावतार मन्दिर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के देवगढ़ में स्थित है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि यह गुप्त काल में बना था। यहाँ आप भगवान विष्णु के दस अवतार के दर्शन कर सकते हैं और यही नहीं मंदिर के द्वार पर गंगा और यमुना देवियों की नक्काशी की गयी है। पट्टी पर वैष्णव पौराणिक कथाओं की नक्काशी भी की गयी है।

**Question 105 -** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

| **सूची-I (व्यक्ति)** | **सूची-II (जन्म स्थान)** |
|---|---|
| A. मंगल पांडे | 1. प्रयागराज |
| B. गिरिजा देवी | 2. वाराणसी |
| C. सलीम चिश्ती | 3. बलिया |
| D. जवाहर लाल नेहरु | 4. आगरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर –** (b) 3 2 4 1

**स्पष्टीकरण-**

| **व्यक्ति** | **जन्मस्थान** |
|---|---|
| मंगल पांडे | बलिया |
| गिरिजा देवी | वाराणसी |
| सलीम चिश्ती | आगरा |
| जवाहर लाल नेहरु | प्रयागराज |

**Question 106 -** उत्तर प्रदेश में स्थित कौन सा धार्मिक स्थल जैन एवं बौद्ध दोनों का तीर्थ स्थल है?

(a) देवीपाटन
(b) कौशाम्बी
(c) कुशीनगर
(d) सारनाथ

**उत्तर-** (b) कौशाम्बी

**स्पष्टीकरण-** कौशम्बी भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश का एक जिला है। कौशांबी, बुद्ध काल की परम प्रसिद्ध नगरी, जो वत्स देश की राजधानी थी। यह नगरी यमुना नदी पर बसी हुई थी। यहां स्थित प्रमुख पर्यटन स्थलों में शीतला मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, प्रभाषगिरी और राम मंदिर विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यह बौद्ध व जैनों का पुराना केन्द्र है।

**Question 107 -** उत्तर प्रदेश में विधानपरिषद का गठन किया गया था:

(a) 1919 में

(b) 1937 में

(c) 1947 में

(d) 1950 में

**उत्तर –** (b) 1937 में

**स्पष्टीकरण –** उत्तर प्रदेश में 1937 में विधानपरिषद का गठन किया गया था। उत्तराखण्ड के निर्माण से पूर्ण इसमें 108 सीटें थी। वर्तमान में इसमें 100 सीटें हैं।

**Question 108 –** प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जाता है?

(a) 24 जनवरी को

(b) 24 फरवरी को

(c) 24 मार्च को

(d) 24 अप्रैल को

**उत्तर –** (a) 24 जनवरी को

**स्पष्टीकरण -** मई, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया। पहला उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी, 2018 को मनाया गया।

ब्रिटिश काल में उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रान्त के नाम से जाना जाता था। 24 जनवरी, 1950 से इसका नाम संयुक्त प्रान्त के स्थान पर उत्तर प्रदेश किया गया था।

**Question 109 –** इस राज्य की राजधानी अहिच्छत्र थी और इसका विस्तार बरेली, बदायूं, फर्रूखाबाद तक था। उपरोक्त वर्णित राज्य 16 महाजनपद के किस महाजनपद को दर्शाता है:

(a) कुरु

(b) पांचाल

(c) काशी

(d) चेदी

**उत्तर –** (b) पांचाल

**स्पष्टीकरण -** पांचाल पौराणिक 16 महाजनपदों में से एक था। यह वर्तमान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली, बदायूँ और फर्रूख़ाबाद ज़िलों में फैला था। इसकी बाद में दो शाखाएँ हुईं-

पहली शाखा उत्तर पांचाल की राजधानी अहिच्छत्र थी।

दूसरी शाखा दक्षिण पांचाल की राजधानी कांपिल्य थी।

पांडवों की पत्नी द्रौपदी को पंचाल की राजकुमारी होने के कारण ही पांचाली भी कहा जाता था। कनिंघम के अनुसार वर्तमान रुहेलखंड उत्तर पंचाल और दोआब दक्षिण पंचाल था।

**Question 110** - साकेत (अयोध्या) किस महाजनपद की राजधानी रहा है?

(a) चेदी

(b) काशी

(c) कोसल

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर** – (c) कोसल

**स्पष्टीकरण** – महाजनपद काल में कोसल, उत्तरी भारत का प्रसिद्ध जनपद था इसकी राजधानी साकेत (अयोध्या) थी। कोसल महाजनपद में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद, गोंडा और बहराइच के क्षेत्र शामिल थे।

**Question 111** - जैन धर्म के 23वें तीर्थकर पार्श्वनाथ का जन्म उत्तर प्रदेश के किस शहर में हुआ था?

(a) कौशाम्बी

(b) वाराणसी

(c) मथुरा

(d) कुशीनगर

**उत्तर** – (b) वाराणसी

**स्पष्टीकरण** – पार्श्वनाथ जैनों के 23वें तीर्थंकर थे। इनका जन्म वाराणसी में हुआ था। इनकी माता का नाम वामा देवी और पिता का नाम राजा अश्वसेन था। इनका चिह्न सर्प है। काशी में 83 दिन की कठोर तपस्या करने के बाद 84वें दिन उन्हें केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था।

**Question 112** - बौद्ध धर्म का पालना किस राज्य को कहा जाता है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश

(c) राजस्थान (d) बिहार

**उत्तर** – (a) उत्तर प्रदेश

**स्पष्टीकरण** – बौद्ध धर्म का पालना उत्तर प्रदेश को कहा जाता है।

**Question 113** - उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा "वन्यजीव विहार" कौन-सा है?

(a) चन्द्रप्रभा वन्यजीव विहार

(b) हस्तिनापुर वन्यजीव विहार

(c) कैमूर वन्यजीव विहार

(d) पीलीभीत वन्य जीव विहार

**उत्तर**- (b) हस्तिनापुर वन्यजीव विहार

**स्पष्टीकरण**- उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा वन्य जीव विहार 'हस्तिनापुर वन्यजीव विहार' है। इसका क्षेत्रफल 2073 वर्ग
किमी. है। इसे 1986 में स्थापित किया गया था।

**Question 114** – चन्द्रशेखर आजाद पक्षी विहार कहाँ स्थित है?

(a) ललितपुर

(b) उन्नाव

(c) संत कबीर नगर

(d) एटा

**उत्तर**- (b) उन्नाव

**स्पष्टीकरण**- नवाबगंज पक्षी अभयारण्य, जिसका नाम बदलकर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद पक्षी अभयारण्य है, उत्तर प्रदेश के कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर उन्नाव जिले में स्थित एक पक्षी अभयारण्य है।

**Question 115** – उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 1936 ई. में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरु

(c) सुभाष चन्द्र बोस (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर**- (b) जवाहरलाल नेहरु

**स्पष्टीकरण**- लखनऊ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुल 3 अधिवेशनों का आयोजन किया गया।

- 1899 ई. में पन्द्रहवाँ अधिवेशन, रमेश चन्द्र दत्त की अध्यक्षता में।
- 1916 ई. में बत्तीसवाँ अधिवेशन, अंबिकाचरण मजूमदार की अध्यक्षता में।
- 1936 ई. में पचासवाँ अधिवेशन, जवाहर लाल नेहरु की अध्यक्षता में।

**Question 116** - भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उत्तर प्रदेश के बलिया में किस नेता के नेतृत्व में अस्थायी सरकार की स्थापना हुई थी?

(a) मदारी पासी के

(b) चित्तू पाण्डे के

(c) मोहन लाल सक्सेना के

(d) मोहम्मद इब्राहिम के

**उत्तर** - (b) चित्तू पाण्डे के

**स्पष्टीकरण-** भारत छोडो आन्दोलन के समय देश के कई भाग जैसे- उत्तर प्रदेश में बलिया, बंगाल में तामलूक, महाराष्ट्र में सतारा, कर्नाटक में धारवाड़ और उड़ीसा में तलचर व बालासोर में ब्रिटिश शासन के समानांतर सरकार का गठन किया गया। बलिया में चित्तू पाण्डे के नेतृत्व में अस्थायी सरकार का गठन किया गया।

**Question 117 -** उत्तर प्रदेश में स्थित काकोरी का इतिहास भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में प्रमुख स्थान रखता है। काकोरी उत्तर प्रदेश के किस ज़िले में स्थित है?

(a) कानपुर (b) मेरठ

(c) लखनऊ (d) प्रयागराज

**उत्तर -** (c) लखनऊ

**स्पष्टीकरण-** काकोरी भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के लखनऊ ज़िले में स्थित है। यह जगह भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान क्रान्तिकारी काकोरी काण्ड के लिए जानी जाती है। यहाँ पर काकोरी शहीदों की स्मृति में एक स्मारक भी है।

**Question 118 -** मौहम्मद गौरी के समय कन्नौज का शासक कौन था ?

(a) भगवन दास

(b) रामचन्द्र

(c) जयचन्द

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर -** (c) जयचन्द

**स्पष्टीकरण-** कन्नौज, उत्तर प्रदेश का एक जिला है। यह नगर, गंगा के बायीं ओर ग्रैंड ट्रंक रोड से 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। किसी समय गंगा नदी इस नगर के पार्श्व से बहती थी। पाँचवीं शताब्दी में यह गुप्त साम्राज्य का एक प्रमुख नगर था। बाद में पुष्यभूति वंश के सम्राट हर्षवर्धन ने इसे अपनी राजधानी बनाया। हर्षवर्धन की मृत्यु के पश्चात कन्नौज को लेकर त्रिपक्षीय संघर्ष प्रारंभ हुआ जोकि 200 वर्ष तक चलता रहा। 1194 ई. में मुहम्मद गौरी के कन्नौज पर आक्रमण के समय यहां का शासक गहड़वाल वंश का शासक जयचन्द था।

**Question 119 -** निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नही है?

(a) टाण्डा ताप विद्युत केन्द्र - अम्बेडकर नगर

(b) रिहन्द ताप विद्युत केन्द्र - प्रयागराज

(c) ऊंचाहार ताप विद्युत परियोजना - रायबरेली

(d) सिंगरौली सुपर ताप विस्तार परियोजना – सोनभद्र

**उत्तर-** (b) रिहन्द ताप विद्युत केन्द्र - प्रयागराज

**स्पष्टीकरण-** राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम (NTPC) की उत्तर प्रदेश में 7 उत्पादनरत व 3 निर्माणाधीन इकाइयाँ हैं। उत्पादनरत में 3 (औरैया, आंवला और दादरी) संयत्र गैस आधारित और शेष कोयले पर आधारित हैं।

1. दादरी ताप विद्युत परियोजना (गौतम बुद्ध नगर)
2. आंवला ताप विद्युत परियोजना (बरेली)
3. ऊंचाहार ताप विद्युत परियोजना (रायबरेली)
4. टांडा ताप विद्युत केंद्र (अंबेडकर नगर)
5. शक्तिनगर सुपर ताप विस्तार परियोजना (सोनभद्र)
6. औरैया ताप विद्युत केंद्र (औरैया)
7. रिहंद ताप विद्युत केंद्र (सोनभद्र)
8. मेजा संयुक्त ताप विद्युत गृह, प्रयागराज (निर्माणाधीन)
9. बिल्हौर थर्मल पावर प्लांट (निर्माणाधीन)
10. टांडा विस्तार ताप विद्युत गृह (निर्माणाधीन)

**Question 120 -** जनसंख्या घनत्व के अनुसार उत्तर प्रदेश का देश में कौन-सा स्थान है?

(a) दूसरा

(b) तीसरा

(c) पहला

(d) चौथा

**उत्तर -** (d) चौथा

**स्पष्टीकरण-** 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनघनत्व वाले पाँच राज्य हैं –

1. बिहार (1102)
2. पश्चिम बंगाल (1029)
3. केरल (859)
4. उत्तर प्रदेश (828)
5. हरियाणा (573)

**Question 121 -** उत्तर प्रदेश के किस जिले में सर्वाधिक जनसन्ख्या घनत्व है?

(a) सोनभद्र

(b) ललितपुर

(c) हमीरपुर

(d) गाजियाबाद

**उत्तर -** (d) गाजियाबाद

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के शीर्ष जनसंख्या घनत्व वाले जिले – गाजियाबाद > वाराणसी > लखनऊ

**Question 122** - 2001 की जनगणना की तुलना में वर्ष 2011 में उत्तर प्रदेश की साक्षरता में कितनी प्रतिशत वृद्धि हुई?

(a) 14.30%

(b) 11.40%

(c) 12.34%

(d) 10.21%

**उत्तर** - (b) 11.40%

**स्पष्टीकरण-** जनगणना 2011 के अनुसार के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता 67.7% है जोकि 2001 में 56.3% थी। 2001 - 2011 के दौरान उत्तर प्रदेश की साक्षरता में 11.40% की वृद्धि हुई है।

**Question 123** - 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से कितनी कम है?

(a) 1.70%

(b) 5.30 %

(c) 3.43%

(d) 2.60%

**उत्तर** - (b) 5.3 %

**स्पष्टीकरण-** जनगणना 2011 के अनुसार के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता 67.7% है और भारत की साक्षरता दर 73% है। उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से 5.3 % कम है।

**Question 124** - उत्तर प्रदेश में महात्मा गाँधी स्टेडियम किस शहर में स्थित है?

(a) लखनऊ में

(b) रामपुर में

(c) प्रयागराज में

(d) मुजफ्फरनगर में

**उत्तर** - (b) रामपुर में

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में महात्मा गाँधी स्टेडियम रामपुर में स्थित है।

**Question 125** - "राजघाट बाँध परियोजना" किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है?

(a) उत्तर प्रदेश व बिहार

(b) उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश

(c) उत्तर प्रदेश व राजस्थान

(d) उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश

**उत्तर** – (b) उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश

**स्पष्टीकरण-** बेतवा नदी पर निर्मित "राजघाट बाँध परियोजना" उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है।

**Question 126** - ऊनी वस्त्रों की प्रसिद्ध "लाल इमली मिल" उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?

(a) मुजफ्फरनगर

(b) फर्रूखाबाद

(c) कानपुर

(d) नजीबाबाद

**उत्तर** - (c) कानपुर

**स्पष्टीकरण-** ऊनी वस्त्रों की प्रसिद्ध "लाल इमली मिल" उत्तर प्रदेश के कानपुर में स्थित है।

**Question 127** - भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण केन्द्र उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?

(a) फर्रूखाबाद

(b) कानपुर

(c) इटावा

(d) मुरादाबाद

**उत्तर** - (b) कानपुर

**स्पष्टीकरण-** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (Artificial Limbs Manufacturing Corporation of India (ALIMCO/अल्मिको)) भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है जो विकलांग लोगों के लिये कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरणों का निर्माण करता है। इसकी स्थापना 1972 में की गयी थी। इसका मुख्यालय कानपुर में है।

**Question 128** - उत्तर प्रदेश में चूड़ी उद्योग के लिये विख्यात है?

(a) फिरोजाबाद

(b) वाराणसी

(c) मथुरा

(d) बरेली

**उत्तर** - (a) फिरोजाबाद

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में चूड़ी उद्योग/कांच उद्योग के लिये फिरोजाबाद विख्यात है।

**Question 129** - उत्तर प्रदेश के किस क्षेत्र में सर्वाधिक वर्षा होती है?

(a) पश्चिम गंगा मैदान

(b) पूर्वी गंगा मैदान

(c) मध्य गंगा मैदान

(d) तराई क्षेत्र

**उत्तर -** (d) तराई क्षेत्र

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में सर्वाधिक वर्षा तथा पश्चिम गंगा मैदान में सबसे कम वर्षा होती है।

**Question 130 -** भारत के किस राज्य को "शक्कर का प्याला" कहा जाता है?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) राजस्थान

(c) हिमाचल प्रदेश

(d) हरियाणा

**उत्तर -** (a) उत्तर प्रदेश

**स्पष्टीकरण-** गन्ने के अधिक उत्पादन के कारण उत्तर प्रदेश को भारत का "शक्कर का प्याला" कहा जाता है।

**Question 131 -** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजियेः

**व्यक्ति जन्म स्थान**

1. सूरदास - सीही
2. तुलसीदास - राजापुर
3. कबीरदास - वाराणसी

उपर्युक्त युग्मों में कौन -सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर –** (d) 1, 2 और 3

**स्पष्टीकरण -**

| व्यक्ति | जन्म स्थान |
|---|---|
| सूरदास | सीही, मथुरा, उत्तर प्रदेश |
| तुलसीदास | राजापुर, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश |
| कबीरदास | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |

**Question 132 -** ईरी रेशम अनुसंधान एवं विकास केन्द्र राज्य में कहाँ पर है?

(a) मथुरा

(b) औरैया

(c) सोनभद्र

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर -** (b) औरैया

**स्पष्टीकरण -**

| | |
|---|---|
| ईरी रेशम अनुसंधान एवं विकास केन्द्र | औरैया |
| शहतूती रेशम अनुसंधान एवं विकास केन्द्र | सुभागपुर |
| टसर रेशम अनुसंधान विकास केन्द्र | सोनभद्र |

**Question 133 -** उत्तर प्रदेश में गुरु रविदास की जन्मस्थली है-

(a) राजापुर

(b) सीही

(c) सीरगोवर्धनपुर

(d) नैमिषारण्य

**उत्तर –** (c) सीरगोवर्धनपुर

**स्पष्टीकरण -** उत्तर प्रदेश में गुरु रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर है।

**Question 134 –** उत्तर प्रदेश में तानसेन का मकबरा कहां स्थित है?

(a) आगरा में

(b) ग्वालियर में

(c) झांसी में

(d) जयपुर में

**उत्तर-** (b) ग्वालियर में

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में तानसेन का मकबरा ग्वालियर में स्थित है|

**Question 135 -** उत्तर-पूर्वी रेलवे का मुख्यालय कहाँ पर है?

(a) कानपुर में

(b) गोरखपुर में

(c) आगरा में

(d) प्रयागराज में

**उत्तर -** (b) गोरखपुर में

**स्पष्टीकरण-**

**रेलवे जोन (नाम) - मुख्यालय**

मध्य रेलवे - मुंबई
पूर्वी रेलवे - कोलकाता
पूर्वी मध्य रेलवे - हाजीपुर
पूर्वी तटीय रेलवे - भुवनेश्वर
उत्तरी रेलवे - नई दिल्ली
**उत्तर मध्य रेलवे - प्रयागराज**
**उत्तरी पूर्वी रेलवे - गोरखपुर**
उत्तरी पश्चिम रेलवे - जयपुर
दक्षिणी रेलवे - चेन्नई
दक्षिणी मध्य रेलवे - सिकंदराबाद
दक्षिणी पूर्वी रेलवे - कोलकाता
दक्षिणी पूर्वी मध्य रेलवे - बिलासपुर
दक्षिणी पश्चिम रेलवे - हुबली (कर्नाटक)
पश्चिमी रेलवे - मुंबई (C.S.T)
पश्चिमी मध्य - जबलपुर
कोलकाता मेट्रो - कोलकाता
उत्तर सीमांत रेलवे - गुवाहाटी

**Question 136** - उत्तर प्रदेश के राज्य पशु का नाम क्या है?

(a) हिरन (b) बारहसिंगा
(c) बाघ (d) गाय

**उत्तर** - (b) बारहसिंगा

**स्पष्टीकरण**- उत्तर प्रदेश का राज्य पशु बारहसिंगा है।

**Question 137** - "लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान" उत्तर प्रदेश के किस शहर में है?

(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) आगरा (d) प्रयागराज

**उत्तर** - (b) लखनऊ

**स्पष्टीकरण**- लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ में स्थित है।

**Question 138** – निम्नलिखित में से कौन-सा शहर गंगा के किनारे स्थित नहीं है?

(a) कानपुर
(b) हरिद्वार
(c) लखनऊ
(d) वाराणसी

**उत्तर** - (c) लखनऊ

**स्पष्टीकरण**- लखनऊ, गोमती नदी के किनारे स्थित है शेष सभी गंगा नदी के किनारे स्थित हैं।

**Question 139** – 1857 के स्वाधीनता संग्राम में बरेली का नेतृत्व किसने किया था?

(a) बेगम हजरत महल
(b) मो. अकबर
(c) हुसैन मोहम्मद
(d) खान बहादुर खान

**उत्तर** - (d) खान बहादुर खान

**स्पष्टीकरण**- 1857 के स्वाधीनता संग्राम में बरेली का नेतृत्व खान बहादुर खान ने किया था।

**Question 140** - उत्तर प्रदेश में मुख्यतः किस प्रकार की जलवायु पाई जाती है?

(a) उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी
(b) सम शीतोष्ण
(c) गर्म शुष्क मानसूनी
(d) शीतोष्ण कटिबन्धीय

**उत्तर** - (a) उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी

**स्पष्टीकरण**- उत्तर प्रदेश में मुख्यतः उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी प्रकार की जलवायु पाई जाती है।

**Question 141** - श्रृंगवेरपुर धाम उत्तर प्रदेश में कहाँ स्थित है?

(a) प्रयागराज
(b) वाराणसी
(c) कानपुर
(d) लखनऊ

**उत्तर** - (a) प्रयागराज

**स्पष्टीकरण**- श्रृंगवेरपुर उत्तर-प्रदेश के जनपद प्रयागराज में गंगानदी के किनारे स्थित है। राजस्व अभिलेखों में इसका नाम सिगरौर है। यहाँ ऋषि श्रृंगी (श्रृंगी) का आश्रम था। यहाँ ऋषि श्रृंगी एवं माँ शांता का मंदिर है। यहीं राम ने लक्ष्मण और सीता सहित अयोध्या से चौदह वर्ष के लिए वनवास पर जाते समय गंगा नदी पार करने हेतु केवट से नाव की मांग की थी।

**Question 142** - बुंदेलखंड और पूर्वांचल में कृषि और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई पहल का नाम क्या है?

(a) यूपी कृषि मिशन
(b) यूपी एग्रीज़
(c) ग्रामीण यूपी विकास

(d) एग्रोनेक्स्ट यूपी

**उत्तर -** (b) यूपी एग्रीज़

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में लखनऊ में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात कर दो प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ किया: उत्तर प्रदेश कृषि विकास और ग्रामीण उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ीकरण (यूपी एग्रीज़) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रज्ञा (एआई प्रज्ञा)। यूपी एग्रीज़ बुंदेलखंड और पूर्वांचल के 28 जिलों में प्रौद्योगिकी आधारित खेती को बढ़ावा देगा और कृषि उत्पादकता में सुधार करेगा। एआई प्रज्ञा 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसे डिजिटल क्षेत्रों में प्रशिक्षित करेगी। इस पहल को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास जैसे विभागों द्वारा समर्थित किया जाएगा। इन प्रयासों का उद्देश्य रोजगार सृजन, स्टार्टअप्स को समर्थन देना और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करना है।

**Question 143 -** शीत ऋतु में कौन-सा महीना उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक ठण्डा महीना होता है?

(a) फरवरी

(b) दिसम्बर

(c) जनवरी

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर -** (c) जनवरी

**स्पष्टीकरण-** उत्तर प्रदेश में शीत ऋतु का सर्वाधिक ठण्डा महीना जनवरी होता है।

**Question 144 -** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत उत्तर प्रदेश बजट 2024-25 का कुल परिव्यय कितना है?

(a) ₹5.50 लाख करोड़

(b) ₹6.90 लाख करोड़

(c) ₹7.36 लाख करोड़

(d) ₹6.10 लाख करोड़

**उत्तर:** (c) ₹7.36 लाख करोड़

**स्पष्टीकरण:** उत्तर प्रदेश सरकार ने ₹7.36 लाख करोड़ का बजट पेश किया, जो राज्य के इतिहास में सबसे बड़ा है, जिसमें बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**Question 145 -** उत्तर प्रदेश बजट 2024-25 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य क्या था?

(a) 3.5%

(b) 4.0%

(c) 3.9%

(d) 3.6%

**उत्तर:** (d) 3.6%

**स्पष्टीकरण:** बजट में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के दिशानिर्देशों के अनुरूप, राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को जीएसडीपी के 3.6% पर बनाए रखा गया है।

**Question 146 -** निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं?

(a) गोविन्द बल्लभ पन्त

(b) टी.एन. सिंह

(c) नित्यानंद स्वामी

(d) रामनरेश यादव

**उत्तर**- (c) नित्यानंद स्वामी

**स्पष्टीकरण :** गोविन्द बल्लभ पन्त उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री थे (1950–1954)।

टी.एन. सिंह ने 1970 में उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में अल्पकालीन कार्यकाल संभाला था।

रामनरेश यादव 1977 से 1979 तक जनता पार्टी सरकार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

जबकि नित्यानंद स्वामी उत्तराखंड (पूर्व में उत्तरांचल) के पहले मुख्यमंत्री थे, उत्तर प्रदेश के कभी मुख्यमंत्री नहीं रहे।

**Question 147 -** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (लोकगीत)** | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. रसिया | 1. पूर्वांचल |
| B. कजरी | 2. बुंदेलखंड |
| C. आल्हा | 3. मिर्जापुर |
| D. बिरहा | 4. ब्रजभूमि |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |

(b) 4 2 3 1
(c) 1 3 2 4
(d) 1 2 3 4
**उत्तर-** (a) 4 3 2 1
**स्पष्टीकरण-**

| **लोकगीत** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| रसिया | ब्रजभूमि |
| कजरी | मिर्जापुर |
| आल्हा | बुंदेलखंड |
| बिरहा | पूर्वांचल |

**Question 148** - पुरापाषाण युग के साक्ष्य उत्तर प्रदेश के किस नगर से प्राप्त नहीं हुए हैं?
(a) प्रयागराज (b) सोनभद्र
(c) चंदौली (d) मिर्जापुर

**उत्तर –** (d) मिर्जापुर
**स्पष्टीकरण –**

| **काल** | **साक्ष्य** |
|---|---|
| पुरापाषाण काल | प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली |
| मध्य पाषाण काल | मिर्जापुर, सोनभद्र, प्रयागराज, प्रतापगढ़ |
| नव पाषाण काल | मिर्जापुर, सोनभद्र, प्रयागराज, प्रतापगढ़ |

**Question 149** - सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**सूची-I (खनिज)** **सूची-II (स्थान)**
A. डोलामाईट 1. झाँसी
B. सेलखड़ी 2. बाँदा
C. लौह अयस्क 3. मिर्जापुर
D. सैंड स्टोन 4. ललितपुर

**कूट :**
**A B C D**
(a) 4 1 2 3
(b) 3 1 4 2
(c) 4 3 2 1
(d) 2 1 4 3
**उत्तर-** (d) 2 1 4 3

| **खनिज** | **स्थान** |
|---|---|
| चूना पत्थर | गुरुमा-कनाच-बपूहरी (मिर्जापुर), कजराहट (सोनभद्र) |
| कोयला | सिंगरौली (सोनभद्र) |
| बॉक्साइट | बाँदा, वाराणसी, ललितपुर |
| डोलोमाईट | बारी (सोनभद्र ), बाँदा |
| कांच बालू | प्रयागराज, बाँदा, अलीगढ़, चित्रकूट |
| पोटाश लवण | बाँदा, सोनभद्र, प्रयागराज, चंदौली |
| एंडालूसाईट | सोनभद्र, मिर्जापुर |
| पाईरोफिलाईट | झाँसी, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा |
| सेलखड़ी | हमीरपुर, झाँसी |
| पयराईट्स | सोनभद्र |
| रॉक फॉस्फेट | ललितपुर |
| फायर क्ले | मिर्जापुर, सोनभद्र |
| हीरा | बाँदा, मिर्जापुर |
| सोना | सोनभद्र, ललितपुर |
| तांबा | ललितपुर |
| यूरेनियम | ललितपुर |
| संगमरमर | सोनभद्र, मिर्जापुर |
| एस्बेस्टस | मिर्जापुर, झाँसी |
| जिप्सम | झाँसी, हमीरपुर |
| सैंड स्टोन | मिर्जापुर |
| डायसपोर | झाँसी, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा |
| ग्रेनाईट | बाँदा, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा |
| लौह अयस्क | ललितपुर |
| केलसाईट | मिर्जापुर |
| चायनाक्ले | बाँदा, सोनभद्र |
| फेल्स्पर | झाँसी |
| गेरू | बाँदा |

**Question 150** - सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**सूची-I (धार्मिक स्थल)** **सूची-II (स्थान)**
A. कनक भवन 1. बाराबंकी
B. कामदगिरी 2. बाँदा
C. कालिंजर दुर्ग 3. चित्रकूट
D. देवा शरीफ 4. अयोध्या

**कूट :**
**A B C D**
(a) 1 2 3 4
(b) 4 3 2 1
(c) 2 4 1 3
(d) 3 2 4 1
**उत्तर-** (b) 4 3 2 1
**स्पष्टीकरण-**


SelfStudyWala 8077834630

| धार्मिक स्थल | स्थान |
|---|---|
| कनक भवन | अयोध्या |
| कामदगिरी | चित्रकूट |
| कालिंजर दुर्ग | बाँदा |
| देवा शरीफ | बाराबंकी |

**Our Best-Selling Products in the UPPCS Category**

